


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 दुनिया तबाही के बहुत करीब, इजराइल और ईरान जंग.......

अमेरिकी चुनाव से पहले जेडी वेंस और वॉल्ज आखिरी बार आमने-सामन.... 12



वर्ष : 15 | अंक : 171 | नई दिल्ली, गुरूवार, 03 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर युवाओं के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आज दिल्ली में युवा स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता अभियान में शामिल हुए और स्वच्छ भारत अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर उनसे बातचीत की। स्वच्छता के लाभों के बारे में प्रधानमंत्री द्वारा पूछे जाने पर, छात्र ने बीमारियों से बचाव और स्वच्छ और स्वस्थ भारत के बारे में जागरूकता पैदा करने के दृष्टिकोण का उल्लेख किया। एक छात्र ने शौचालयों की अनुपस्थिति के कारण बीमारियों के प्रसार में बढ़ोतरी का भी उल्लेख किया। श्री मोदी ने बताया कि पहले अधिकांश लोग खुले में शौच करने के लिए मजबूर थे, जिसके कारण कई तरह की बीमारियाँ फैलती थीं और यह महिलाओं के लिए बेहद नुकसानदेह था। प्रधानमंत्री ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सबसे पहले कदम उठाए गए, इसके अंतर्गत स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालय बनाए गए, जिससे उनके स्कूल छोड़ने की दर में भारी कमी आई। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भी चर्चा की। श्री मोदी ने योग में युवाओं की बढ़ती संख्या पर संतोष व्यक्त किया और आसन के लाभों के बारे में भी बताया। कुछ बच्चों ने प्रधानमंत्री के सामने कुछ आसन भी प्रदर्शित किए, जिस पर सभी ने खूब तालियां बजाई। उन्होंने अच्छे पोषण की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री द्वारा पीएम-सुकन्या योजना के बारे में पूछे जाने पर एक छात्रा ने योजना के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि इससे लड़कियों के लिए बैंक खाता खोलने में मदद मिलती है, ताकि वयस्क होने पर उन्हें आर्थिक सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री ने बताया कि लड़कियों के जन्म के तुरंत बाद पीएम सुकन्या समृद्धि खाता खोला जा सकता है और हर साल 1000 रुपये जमा करने का सुझाव दिया, जिसका उपयोग बाद में शिक्षा और शादी के लिए किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 18 साल में यही जमा राशि 50,000 रुपये हो जाएगी और इस पर करीब 32,000 से 35,000 रुपये तक ब्याज मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि लड़कियों को 8 दशमलव 2 प्रतिशत तक ब्याज मिलता है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर केंद्रित बच्चों के कामों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने गुजरात के एक बंजर इलाके के स्कूल का अपना अनुभव साझा किया, जहां प्रत्येक छात्र को एक पेड़ दिया गया था और उन्हें हर दिन अपने रसोईघर से पानी लाने का आग्रह करके उसे पानी देने के लिए कहा गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे 5 साल बाद उसी स्कूल में गए तो उन्होंने हरियाली के रूप में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा। प्रधानमंत्री ने खाद बनाने के लिए कचरे को अलग-अलग करने के लाभों के बारे में भी बताया और छात्रों को घर पर भी इस अभ्यास को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्रों को अपने समुदाय में प्लास्टिक की बुराइयों के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसकी जगह कपड़े के थैले का उपयोग करने का सुझाव भी दिया। बच्चों से बातचीत करते हुए श्री मोदी ने एक डिस्प्ले बोर्ड पर गांधी जी के चश्मे की ओर इशारा किया और बच्चों को बताया कि गांधी जी इस बात पर नजर रखते थे कि सफाई है या नहीं। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने जीवन भर स्वच्छता के लिए काम किया। एक किस्सा साझा करते हुए श्री मोदी ने बच्चों को बताया कि जब गांधी जी को आजादी और सफाई के बीच विकल्प दिया गया तो गांधी जी ने आजादी के बजाय सफाई को चुना क्योंकि वे सफाई को हर चीज से ज्यादा महत्व देते थे। उन्होंने छात्रों से पूछा कि सफाई एक कार्यक्रम होना चाहिए या आदत, तो बच्चों ने कहा कि सफाई एक आदत होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को बताया कि सफाई किसी एक व्यक्ति या एक परिवार या एक बार की घटना की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह तब तक चलने वाली प्रक्रिया है जब तक व्यक्ति जीवित है। उन्होंने छात्रों को बताया कि ह्लमैं अपने आस-पास गंदगी नहीं करूंगाह्व के मंत्र को देश के हर नागरिक को अपनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।


## संक्षिप्त खबरें

### मोदी ने जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जापान के नवनियुक्त प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि वह द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत और उससे आगे के क्षेत्रों में शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। श्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, हार्दिक बधाई प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा! मैं भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने तथा हिंद- प्रशांत तथा उससे आगे के क्षेत्रों में शांति एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। दोनों सदनों के पूर्ण सत्र में आयोजित प्रधानमंत्री पद के नामांकन चुनावों के परिणाम के अनुरूप जापान की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष शिगेरु इशिबा को जापान का 102वां प्रधानमंत्री चुना गया।ी इशिबा ने कहा कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपने देश के सामने आए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के लिए मित्र राष्ट्रों के साथ संबंधों को और गहरा करेंगे। उन्होंने चीन को रोकने के लिए सामूहिक सुरक्षा समूह नाटो का एक एशियाई संस्करण बनाने का भी प्रस्ताव रखा है।

# स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आज 2 अक्टूबर के दिन, मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन को, उसकी यात्रा को 10 साल के मुकाम पर हम पहुंच चुके हैं। स्वच्छ भारत मिशन की ये यात्रा, करोड़ों भारतवासियों की अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बीते 10 साल में कोटि-कोटि भारतीयों ने इस मिशन को अपनाया है, अपना मिशन बनाया है, इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। मेरे आज के 10 साल की इस यात्रा के पड़ाव पर, मैं हर देशवासी, हमारे सफाई मित्र, हमारे धर्मगुरू, हमारे खिलाड़ी, हमारे सेलिब्रिटी, ठ्रछ्र्र, मीडिया के साथी...सभी की सराहना करता हूं, भूरी-भूरी प्रशंसा करता हूं। आप सभी ने मिलकर स्वच्छ भारत मिशन को इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। मैं राष्ट्रपति जी, उपराष्ट्रपति जी, पूर्व राष्ट्रपति जी, पूर्व उपराष्ट्रपति जी, उन्होंने भी स्वच्छता की ही सेवा इस कार्यक्रम में श्रमदान किया, देश को बहुत बड़ी प्रेरणा दी। मैं आज राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति महोदय का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, धन्यवाद करता हूं। आज देशभर में स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। लोग अपने गांवों को, शहरों को, मोहल्लों को चॉल हो, फ्लैट्स हो, सोसाइटी हो स्वयं बड़े आग्रह से साफ-सफाई कर रहे हैं। अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्रिगण और दूसरे जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें, इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। बीते पखवाड़े में, मैं इसी पखवाड़े की बात करता हूं, देश भर में करोड़ों लोगों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। मुझे जानकारी दी गई कि सेवा पखवाड़ा के 15 दिनों में, देशभर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए, जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। मैं सभी का, प्रत्येक भारतीय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर... आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की भी शुरूआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोबरधन प्लांट। ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा, और स्वच्छ भारत मिशन जितना सफल होगा उतना ही हमारा देश ज्यादा चमकेगा। आज से एक हजार साल बाद भी, जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा, तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा।

स्वच्छ भारत इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन भागीदारी वाला, जन नेतृत्व वाला, जन-आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे जनता-जनार्दन की, ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं। मेरे लिए स्वच्छता एक जनशक्ति के साक्षात्कार का पर्व बन गया है। आज मुझे कितना कुछ याद आ रहा है...जब ये अभियान शुरू हुआ...कैसे लाखों-लाख लोग एक साथ सफाई करने के लिए निकल पड़ते थे। शादी-ब्याह से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों तक, हर जगह स्वच्छता का ही संदेश छा गया...कहीं कोई बूढ़ी मां अपनी बकरियां बेचकर शौचालय बनाने की मुहिम से जुड़ी...किसी ने अपना मंगलसूत्र बेच दिया...तो किसी ने शौचालय बनाने के लिए जमीन दान कर दी। कहीं किसी रिटायर्ड टीचर ने अपनी पेंशन दान दे दी...तो कहीं किसी फौजी ने रिटायरमेंट के बाद मिले पैसे स्वच्छता के लिए समर्पित कर दिए। अगर ये दान किसी मंदिर में दिया होता, किसी और समारोह में दिया होता तो शायद अखबारों की हेडलाइन बन जाता और सप्ताह भर उसकी चर्चा होती। लेकिन देश को पता होना चाहिए कि जिनका चेहरा कभी टीवी पर चमका नहीं हैं, जिनका नाम अखबारों की सुर्खियों पर कभी छपा नहीं है, ऐसे लक्ष्यावधि लोगों ने कुछ न कुछ दान करके चाहे वो समय का दान हो या संपत्ति का दान हो इस आंदोलन को एक नई ताकत दी है, ऊर्जा दी है। और ये, ये मेरे देश के उस चरित्र का परिचय करवाता है। जब मैंने सिंगल यूज प्लास्टिक को छोड़ने की बात की तो करोड़ों लोगों ने जूट के बैग और कपड़े के थैले निकालकर के बाजार में खरीदी करने के लिए जाने की परंपरा शुरू की। अब मैं उन लोगों का भी आभारी हूं वरना मैं प्लास्टिक, सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने की बात करता तो हो सकता था, प्लास्टिक इंडस्ट्री वाले आंदोलन करते, भूख हड़ताल पर बैठते...नहीं बैठे, उन्होंने सहयोग किया, आर्थिक नुकसान भोगा। और मैं उन राजनीतिक दलों का भी आभार व्यक्त करता हूं, जो भी शायद निकल पड़ते कि देखिए मोदी ने सिंगल यूज प्लास्टिक बंद की है, हजारों लोगों का रोजगार खत्म कर दिया, पता नहीं क्या-क्या कर देते। मैं उनका भी आभार मानता हूं कि उनका इस बात पर ध्यान नही गया, हो सकता है इसके बाद चला जाए। इस आंदोलन में हमारा फिल्म जगत भी पीछे नहीं रहा... कमर्शियल हित के बजाय, फिल्म जगत ने स्वच्छता के संदेश को जनता तक पहुंचाने के लिए फिल्में बनाईं। इन 10 सालों में और मुझे तो लगता है कि ये विषय कोई एक बार करने का नहीं है, ये पीढ़ी दर पीढ़ी, हर पल, हर दिन करने का काम है। और ये जब मैं कहता हूं, तो मैं इसको जीता हूं। अब जैसे मन की बात की याद करले आप, आप में से बहुत लोग मन की बात से परिचित हैं, देशवासी परिचित हैं। मन की बात में मैंने करीब-करीब 800 बार स्वच्छता के विषय का जिक्र किया है। लोग लाखों की संख्या में चिट्ठियां भेजते हैं, लोग स्वच्छता के प्रयासों को सामने लाते रहे। आज जब मैं देश और देशवासियों की इस उपलब्धि को देख रहा हूं...तो मन में ये सवाल भी आ रहा है कि जो आज हो रहा है, वो पहले क्यों नहीं हुआ? स्वच्छता का रास्ता तो महात्मा गांधी जी ने हमें आजादी के आंदोलन में ही दिखाया था।

# पीएम ने हजारीबाग की धरती से 83 हजार करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण

## कहा आदिवासियों के विकास के लिए समर्पित है केंद्र सरकार

**हजारीबाग, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती पर बुधवार को झारखंड के हजारीबाग की धरती से जनजातीय समुदाय के विकास से जुड़ी 83 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। यहां विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत जोहार से की। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्हें झारखंड की विकास योजनाओं में सहभागी होने का मौका मिला है। ये योजनाएं आदिवासी समाज के कल्याण और उत्थान से जुड़ी हैं। ये परियोजनाएं भारत सरकार की ओर से आदिवासी समाज को मिल रही प्राथमिकता का प्रमाण हैं। आज पूज्य बापू की जन्म जयंती है। आदिवासी विकास के लिए उनके विचार हमारी पूंजी हैं। बापू का मानना था कि भारत का विकास तभी हो सकता है, जब जनजातीय समाज का विकास हो। उन्होंने 79,156 करोड़ रुपए की लागत वाली ह्यधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियानह्व लॉन्च करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी योजना है, जिससे 65 हजार आदिवासी बहुल गांवों के विकास का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पीएम जन मन योजना का लोकार्पण, झारखंड में 40 एकलव्य स्कूलों का उद्घाटन और 25 स्कूलों का शिलान्यास भी किया। उन्होंने 1,380 किलोमीटर से अधिक सड़कें, 120 आंगनबाड़ी, 250 बहुउद्देशीय केंद्र और 10 स्कूल छात्रावास का तोहफा भी दिया। इसके अलावा 3,000 गांवों में 75,800 से अधिक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के घरों का विद्युतीकरण, 275 मोबाइल मेडिकल इकाइयों और 500 आंगनबाड़ी केंद्रों का भी लोकार्पण किया। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की योजना देश के आदिवासी बहुल गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और जनजातीय आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्यों पर केंद्रित है। यह योजना 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों के 2,740 ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले करीब 63,000 आदिवासी बहुल गांवों को कवर करेगी और इससे 5 करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। इस अभियान के तहत आदिवासी गांवों में 20 लाख आवास, 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों और पुलों के निर्माण, हर घर को स्वच्छ पेयजल, गैस और बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य है। इसके अलावा 100 आदिवासी मार्केट सेंटर, आश्रम एवं स्कूल, चलित स्वास्थ्य केंद्र, कौशल विकास केंद्र की स्थापना की जानी है। इस अभियान के तहत जनजातीय समूहों की आय बढ़ाने के लिए कृषि, बागवानी को प्रोत्साहित करना और जनजातीय संस्कृति, विरासत एवं परंपराओं को संरक्षित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर मौजूद केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने प्रधानमंत्री को झारखंड की आदिवासी सरना संस्कृति का प्रतीक शॉल और सोहराई पेंटिंग भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

# सोनिया, खरगे और राहुल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि बापू के विचार व उनके आदर्श सदा प्रेरणादायी हैं। राहुल गांधी ने राजघाट जाकर बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किए तो सोनिया गांधी और खरगे ने संसद भवन में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, बापू ने ही मुझे सिखाया है, जीना है तो डरे बिना जीना है सत्य, प्रेम, करुणा और सौहार्द के रास्ते पर सबको जोड़ते हुए चलना है। गांधी जी एक व्यक्ति नहीं, जीने और सोचने का तरीका हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। खरगे ने महात्मा गांधी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा, पहले वो आप पर ध्यान नहीं देंगे, फिर वो आप पर हंसेंगे, फिर वो आप से लड़ेंगे, और तब आप जीत जायेंगे। सत्य, अहिंसा व सत्याग्रह जैसे उच्चतम मूल्य से संपूर्ण विश्व को शांति का मार्ग दिखाने वाले, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सूत्रधार, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार व उनके आदर्श हमारे लिए सदैव प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा, आज उनके विचारों को जो चुनौती मिल रही है, इसका मुकाबला हम बापू के सिद्धांतों पर चलकर कर रहे हैं। सभी देशवासियों को गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।

# भारत ने ईरान में अपने नागरिकों से सतर्क और दूतावास के संपर्क में रहने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के मद्देनजर भारत ने बुधवार को अपने नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी। विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श जारी कर ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से सतर्क और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का आग्रह किया। यह परामर्श हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह तथा आतंकवादी संगठन के अन्य कमांडर की हत्या के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल में लगभग 200 मिसाइलें दागे जाने के एक दिन बाद जारी किया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इन मिसाइल हमलों की कीमत चुकानी पड़ेगी विदेश मंत्रालय ने कहा, हम क्षेत्र में सुरक्षा हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय नागरिकों को ईरान के लिए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रह रहे लोगों से सतर्क रहने और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का अनुरोध किया जाता है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक परामर्श जारी किया। इसमें कहा गया, क्षेत्र में मौजूदा हालात को देखते हुए, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और स्थानीय अधिकारियों द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। यह भी कहा गया, सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा करने से बचें और सुरक्षित ठिकानों के करीब रहें। दूतावास ने कहा कि वह स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइल के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

**चर्चा** कार शोरूम के मालिकों ने बताया कि उन्हें पिछले कई महीनो से रंगदारी के लिए धमकियां मिल रही थी.........

# जयशंकर-ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया, यूक्रेन, भारतीय उपमहाद्वीप की स्थिति पर की चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बातचीत की, उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में बढ़ती तनाव की स्थिति और भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की। एक्स पर एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों ने प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बीच हुई बैठकों के साथ-साथ पिछले महीने डेलावेयर में आयोजित क्वाड शिखर सम्मेलन का भी अनुसरण किया। उन्होंने लिखा कि ह्लआज वाशिंगटन डीसी में ब्लिंकन के साथ बातचीत करके खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ह्लहमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों का अनुसरण किया। हमारी चचाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम पर भी चर्चा हुई।' उनकी बैठक से पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, मुझे कहना चाहिए कि यहां अपने दोस्त का स्वागत करके मुझे कितनी खुशी प्राप्त हुई है। मुझे लगता है कि हाल के सप्ताहों में हमने एक बार फिर अमेरिका और भारत को एकजुट करने वाली साझेदारी के पीछे की अविश्वसनीय जीवंतता और शक्ति देखी है। हमारे यहां प्रधानमंत्री मोदी थे और वास्तव में क्वाड बैठक के लिए विलमिंगटन, डेलावेयर में और राष्ट्रपति बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हुई थी। श्री ब्लिंकन ने कहा, उस मुलाकात की गर्मजोशी, रिश्ते में महत्वाकांक्षा, जिस स्तर पर है उसे हमने पहले कभी नहीं देखा है। और मुझे लगता है कि यह उस मूल्य को दर्शाता है जो दोनों देशों को साझेदारी से जोड़ते हैं, जिनमें रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों सहित कई अलग-अलग क्षेत्रों में साझेदारी, स्वच्छ ऊर्जा सहित अर्धचालक भी शामिल हैं। जिन क्षेत्रों में हमारे देश तेजी से एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं और भारत और अमेरिका दोनों के नागरिकों के लिए नए अवसर उत्पन्न कर रहे हैं, लेकिन विश्व की तुलना में ज्यादा व्यापक रूप से भी। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, भारत वैश्विक मंच पर जो महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, शांति स्थापित करने के लिए काम करना, स्थिरता के लिए काम करना, सुरक्षा के लिए काम करना - यहां हम एक साथ मिलकर इस दिशा में ज्यादा से ज्यादा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा से बाहर निकलते हुए, क्वाड और द्विपक्षीय रूप से अपनी बैठकों से बाहर निकलते हुए, यह हमारे लिए उन अनेक मुद्दों का जायजा लेने का एक अच्छा अवसर है जिन पर हम एक साथ काम कर रहे हैं, एक तरह से एक साथ काम करना यह हमारे लोगों के जीवन को बेहतर बनाता है और मुझे लगता है कि यह विश्व में सकारात्मक योगदान देता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने डेलावेयर आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी की। बाद में वे विलमिंगटन, डेलावेयर में क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन के लिए ऑस्ट्रेलिया और जापान के नेताओं के ाथ शामिल हुए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि श्री जयशंकर और श्री ब्लिंकन के बीच बैठक के दौरान, दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, क्षेत्रीय एवं वैश्विक चुनौतियों पर बारीकी से समन्वय करने और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका और भारत की स्थायी प्रतिबद्धता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि श्री ब्लिंकन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त में कीव यात्रा का उल्लेख किया और यूक्रेन के लिए न्यायसंगत और स्थायी शांति के महत्व को दोहराया। श्री ब्लिंकन और श्री जयशंकर ने वैश्विक जलवायु संकट से निपटने के लिए स्वच्छ ऊर्जा पहल पर सहयोग बढ़ाने की योजना पर भी चर्चा की।

# दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रेलवे इंजीनियर गिरफ्तार



**वाराणसी/नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक ठेकेदार से दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सत्यम कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सिंह ने 25 जुलाई को ठेकेदार को थावे से छपरा तक रेल की पटरियां बिछाने के लिए चार करोड़ रुपये की परियोजना सौंपी थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ऐसा आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी और रिश्वत न देने पर भविष्य में उसके बिल पारित न करने और काम रुकवाने की धमकी दी। बयान में कहा गया है कि सिंह को ठेकेदार से रिश्वत मांगते तथा दो लाख रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलारुस की महिला के विरुद्ध उत्तराखंड में मुकदमा दर्ज, बिना वैध वीजा के भारत में रह रही थी एलेना मरचंका

**चंपावत, एजेंसी।** उत्तराखंड के चंपावत में से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, बेलारुस निवासी एक महिला बिना वैध पासपोर्ट व वीजा के चंपावत में साध्वी बनकर निवास कर रही थी। इसके चलते संबंधित महिला के विरुद्ध चंपावत जिले के पाटी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। दरअसल,एलआइयू के एसआई शिव चंद्र सिंह की ओर से पाटी थाने में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बेलारुस निवासी 47 वर्षीय एलेना मरचंका को ग्राम चल्थिया क्षेत्र में निवास करते पाया गया है। इसी बीच दस्तावेज जांचने पर पता चला कि जून 2003 को जारी उसके पासपोर्ट की अवधि सितंबर 2022 समाप्त हो गई थी। बताया गया कि महिला पर्यटक के वीजा की अवधि आठ जनवरी 2021 को समाप्त हो गई थी। वहीं इस मामले में पाटी थानाध्यक्ष देवनाथ गोस्वामी ने बताया कि विदेशी महिला से विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निकाय चुनाव को लेकर सीडीओ ने की बैठक, जरूरी निर्देश दिए

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल जिले में आगामी निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन और पंचास्थानी कार्यालय की ओर से तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने निकाय चुनाव को लेकर विकास भवन सभागार में नोडल और प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। सीडीओ ने अधिकारियों से निकाय चुनाव से पहले अपनी सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने बैठक में शामिल नहीं होने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने निकाय चुनाव को लेकर बैठक करते हुए विभागीय अधिकारियों से चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि चुनाव जैसी बैठक में अधिकारियों के शामिल ना होने पर उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### डाकघर में बच्चों के आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड अंतर्गत डाक घरों में आधार कार्ड, मोबाइल नंबर अपडेट और पांच वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाने का कार्य शुरू हो गया है। ब्लॉक में आधार कार्ड सेवा केंद्र न होने से ग्रामीणों को आधार, मोबाइल नंबर अपडेट करने और नया आधार कार्ड बनाने के लिए कोटद्वार और ऋषिकेश जाना पड़ता था। जिसमें धन व्यय सहित समय भी लगता था। वर्तमान समय में दिउली, हीराखाल, खेड़ा, चाई दमराडा और ठांगर में 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार बनाने शुरू कर दिए हैं। साथ ही मोबाइल नंबर अपडेट का कार्य भी किया जा रहा है। डाकघर में आधार कार्ड बनवाने के लिए 5 वर्ष तक के बच्चे का कोई शुल्क नहीं है। इसके लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। साथ ही माता या पिता में से किसी एक का आधार कार्ड जरूरी है। डाक निरीक्षक रोहित कुमार ने बताया कि विकासखंड के बाकी डाकघरों में भी जल्द ही आधार सेवाएं शुरू की जाएंगी। इसके अलावा आधार कार्ड की अन्य सभी सेवाएं भी शुरू की जाएगी।

### एसएसपी ने क्राइम सीन से साक्ष्यों को संकलित करने की दक्षता को परखा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** पुलिस कप्तान अजय सिंह ने रानीपोखरी थाने का निरीक्षण करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली, नए कानूनों और क्राइम सीन की दक्षता को परखते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने क्राइम सीन से साक्ष्यों को संकलित करने की दक्षता को भी परखा। निरीक्षण के दौरान एसएसपी देहरादून ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों को नियमित रूप से चेक करने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए एनसीआरबी पोर्टल, सीएम पोर्टल, ई-डिस्ट्रिक्ट तथा अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली ऑनलाइन शिकायतों, सत्यापन आदि को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। एसएसपी देहरादून द्वारा थाने में मौजूद क्राइम डिटेक्शन किट के संबंध में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई।

# अल्मोड़ा-दून के बीच जल्द शुरू होगी हेली सेवा, तैयारियां पूरी; किराया होगा पांच हजार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अब अल्मोड़ा से देहरादून पहुंचने में यात्रियों को सड़क मार्ग के जरिये दस-बारह घंटों के थकाऊ सफर की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। यहां टाटिक हेलीपैड से दो-तीन दिन के भीतर देहरादून के लिए हेली सेवा शुरू होने वाली है।

हेली सेवा के लिए यात्रियों से अल्मोड़ा से देहरादून तक का किराया पांच हजार रुपये निर्धारित किया गया है। बताया जा रहा है कि हेली सेवा में 11 सीटर डबल इंजन का हेलीकाप्टर प्रयोग किया जाएगा। हेली सेवा शुरू करने के लिए यहां सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हेली सेवा का रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है।



लंबे समय से यहां टाटिक से हेली सेवा शुरू करने की मांग उठ रही थी। ताकि अल्मोड़ा से देहरादून को तक सड़क मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों को घंटों का सफर तय करने की समस्या से मुक्ति मिल सके। लगातार उठ रही मांग के बाद जिला प्रशासन ने यहां से हेली सेवा शुरू करने के लिए बीते दिनों कवायद तेज की।

जिलाधिकारी आलोक पांडेय ने भी बीते दिनों हेलीपैड का निरीक्षण भी कियाया और खामियों को शीघ्र दूर कर हेली सेवा शुरू करने के संबंधित निर्देश मातहत अधिकारियों को दिए। उन्होंने बताया यहां से हेली सेवा शुरू करने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। तीन अक्टूबर से अल्मोड़ा-देहरादून हेली सेवा शुरू होगी। हेली सेवा से अल्मोड़ा से देहरादून की यात्रा करीब 45 से 53 मिनट के भीतर पूरी होगी।

उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के मुख्य सुरक्षा अधिकारी राम सिंह कठैत ने बताया कि सोमवार से शनिवार तक हेली सेवा के संचालन को रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। बताया कि सोमवार से शनिवार तक देहरादून से पूर्वाह्न 11 बजे हेलीकाप्टर अल्मोड़ा के लिए उड़ान भरेगा। वह 12 बजे के करीब अल्मोड़ा हेलीपैड पहुंचेगा। अल्मोड़ा से 12 बजकर पांच मिनट पर हेलीकाप्टर देहरादून के लिए उडान भरेगा।

## हाई कोर्ट ने सहकारी समितियों में महिला आरक्षण पर लगाई रोक, सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने ऊधम सिंह नगर जिले की सहकारी समितियों में अध्यक्ष पदों के लिए जारी महिला आरक्षण पर फिलहाल रोक लगाते हुए चार सप्ताह में जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने सहकारी समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में खटीमा निवासी प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई हुई। जिसमें सरकार की ओर से चार जुलाई 2024 को जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई। इस अधिसूचना में सहकारी समितियों के अध्यक्षों और प्रतिनिधि पदों पर महिला आरक्षण घोषित किया गया था।

अधिसूचना के अनुसार 33 प्रतिशत पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया गया। इसी के तहत ऊधम सिंह नगर जिले की 35 सहकारी समितियों में से 12 समितियों के अध्यक्षों पदों को महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया गया। याचिकाकर्ता का कहना था कि यह सभी समितियां स्ववित्तपोषित हैं।

ऐसे में सरकार का यह कदम गलत है। एक समिति में अध्यक्ष का एक पद होता है, उसे आरक्षित नहीं किया जा सकता है। खंडपीठ ने मामले को सुनने के बाद सहकारी समितियों में अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण पर रोक लगाते हुए समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## गांधी जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम, डीएम ने बापू को दी श्रद्धांजलि

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** देशभर में गांधी जयंती की धूम के बीच अल्मोड़ा में भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए कलक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट किया। जानकारी के अनुसार आज यानी 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने महात्मा गांधी के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों और सिद्धांतों पर चर्चा की। इसी के साथ ही अल्मोड़ा के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों में भी गांधी जयंती को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान छात्रों ने मार्च पास्ट किया। वहीं इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया।

बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## क्या नैनीताल में राजस्थान की तर्ज पर बनाई जा सकती है खुली जेल हाई कोर्ट ने सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने नैनीताल जेल की अव्यवस्थाओं व जेल के जर्जर भवन के मामले में स्वतः संज्ञान लेती जनहित याचिका पर राज्य सरकार से पूछा है कि क्या राजस्थान की तरह नैनीताल जिले में भी खुली जेल बनाई जा सकती है। जहां कैदियों को कौशल विकास के साथ साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकती हों। कोर्ट ने इस मामले में सरकार को दो माह के भीतर अपनी राय प्रस्तुत करने को कहा है। साथ ही न्यायमित्र से राजस्थान की खुली जेलों का अध्ययन कर कर रिपोर्ट देने तथा जेलों का सुधारीकरण को सुझाव प्रस्तुत करने को कहा है।मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि पूर्व के आदेश के अनुपालन में नैनीताल जेल से कैदी सितारगंज खुली जेल में शिफ्ट कर दिए हैं। यही नहीं कोर्ट के आदेश पर सरकार ने उन कैदियों को भी रिहा कर दिया जिनकी जमानत होने के बाद भी मुचलके भरने के लिए कोई नहीं था। उन्हें निजी जमानत बांड पर रिहा कर दिया। ऐसे कैदियों की संख्या 27 थी। इनमें से 25 रिहा हो चुके है, शेष दो गंभीर आरोप वाले कैदियों को अभी रिहा नहीं किया गया है। पूर्व में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने नैनीताल जेल के निरीक्षण के दौरान पाया कि 1906 में बनी नैनीताल जेल का भवन पुराना होने के साथ ही जर्जर हाल में पहुंच गया है। जेल में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा गया है। जेल में बंद कैदियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जेल भवन मुख्य सड़क से काफी दूरी पर स्थित है। कैदियों के बीमार पड़ने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाने में दिक्कतें होती है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि नैनीताल जेल भवन भूगर्भीय दृष्टि से भी संवेदनशील है, जो कभी भी भूस्खलन की जद में आ सकता है। प्राधिकरण की निरीक्षण रिपोर्ट का हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## जंगल में घूमता मिला एक संदिग्ध, वन कर्मियों से अभद्रता कर भागा; टीम ने पकड़कर की चालानी कार्रवाई

**नैनीताल, एजेंसी।**
नैनीताल टिफिन टॉप प्रतिबंधित क्षेत्र में रात को संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ के दौरान हंगामा हो गया। संदिग्ध व्यक्ति ने वन विभाग की टीम को जंगल में दौड़ा दिया। विभाग की ओर से संदिग्ध को पकड़ने के बाद करवाई की गई है।

नैनीताल टिफिन टॉप प्रतिबंधित क्षेत्र में रात को संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ के दौरान हंगामा हो गया। संदिग्ध व्यक्ति ने वन विभाग की टीम को जंगल में दौड़ा दिया। विभाग की ओर से संदिग्ध को पकड़ने के बाद करवाई की गई है।



बता दें कि, बीते डेड़ महीने पहले नैनीताल के टिफिन टॉप क्षेत्र में भूस्खलन के दौरान डोरोथी सीट ढह गई थी। जिसके बाद प्रशासन के निर्देश पर वन विभाग की ओर से क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बंद की गई है। सोमवार को देर शाम को लगभग सात बजे वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा वन विभाग की टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। संदिग्ध से देर रात जंगल में घूमने की वजह पूछी तो वह विभागीय कर्मचारियों से उनका परिचय पूछने लगा। जब विभागीय कर्मचारियों ने अपनी आईडी दिखाकर उस व्यक्ति से आईडी दिखाने को कहा तो उसने नहीं दिखाई। जब अधिकारियों ने प्रतिबंधित क्षेत्र जंगल क्षेत्र से लौट जाने को कहा तो वह अभद्रता व मारपीट पर उतारू हो गया।

मामला संदिग्ध लगने और युवक के पास किसी प्रकार के हथियार होने की आशंका के चलते वनकर्मियों ने उसे तलाशी दिए जाने की बात कही। जिस पर वह मारपीट कर भागने लगा। जिस पर वन कर्मियों ने पीछा कर किसी तरह उसको पकड़ लिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना पर चीता कांस्टेबल वीरेंद्र गोले मौके पर पहुंचे और पकड़े गए युवक से पूछताछ की। साथ ही उसे क्षेत्र में भूस्खलन के कारण लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित होने के बारे में बताया तो मामला शांत हुआ।

वन क्षेत्राधिकारी त्रिलोक सिंह बोरा ने बताया कि पकड़े गए युवक के पास से कोई आईडी और अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए। पूछताछ में युवक माल रोड क्षेत्र के एक होटल में ठहरे होने की बात कर रहा था। बताया कि फरीदाबाद निवासी नितिन सैनी के खिलाफ प्रतिबंधित क्षेत्र में मनाही के बावजूद आवाजाही करने पर भारतीय अधिनियम 1927 की संगत धाराओं में चालानी कार्रवाई की गई है।

## एबीवीपी व एनएसयूआई से जुड़ीं छात्राओं में नोकझोंक, माहौल गरमाया; कॉलेज प्रशासन को बुलानी पड़ी पुलिस

**टनकपुर, एजेंसी।** राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में एबीवीपी और एनएसयूआई छात्र संगठनों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को महाविद्यालय में दोनों संगठनों से जुड़ीं छात्राओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। माहौल खराब होता देख कालेज प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

शनिवार को भी दोनों छात्र गुट आपस में भिड़ गए थे। विवाद आगामी छात्रसंघ चुनाव को लेकर शुरू हुआ है। प्राचार्य डा. अनुपमा तिवारी ने बताया कि कालेज परिसर में आने वाले बाहरी लोग विवाद को तूल दे रहे हैं।



उन्होंने बताया कि महाविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। कॉलेज का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को प्राचार्य ने कॉलेज की बैठक ली। इस दौरान निर्णय लिया गया कि छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय परिसर में चुनाव प्रचार नहीं करने दिया जाएगा।

परिसर में बैनर लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाएगा। बैठक में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कालेज परिसर में पुलिस की तैनाती के लिए कोतवाल को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया। संचालन डा. अब्दुल शाहिद ने किया।

## 24 घंटे बिजली आपूर्ति के लिए बनेगा आधुनिक बिजलीघर

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए आईटीआई की जमीन पर गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) का निर्माण किया जाएगा। 33 केवीए क्षमता वाले बिजलीघर के निर्माण के लिए विभाग ने करीब 10 करोड़ की लागत से प्रस्ताव तैयार किया है। जमीन हस्तांतरण और बिजलीघर के निर्माण का प्रस्ताव जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। शहर में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने से ओवरलोडिंग और लो वोल्टेज की समस्या रहती है। पीक टाइम में फॉल्ट और ट्रिपिंग के कारण अक्सर बिजली गुल रहती है। इस समस्या को दूर करने के लिए आईटीआई परिसर में जीआई तकनीक पर आधारित बिजलीघर स्थापित किया जाएगा। नए बिजलीघर में 12.5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर लगेंगे। इस बिजलीघर में मुखानी, धानमिल, हीरानगर, डहरिया, जजफार्म, पीलीकोठी फीडर स्थापित किए जाएंगे। नया बिजलीघर बनने से टीपीनगर और कमलुवागांजा बिजलीघरों का लोड कम होगा।




## नंदाघुंघटी ट्रैक पर गए ट्रैकर की तबीयत बिगड़ने से मौत, बोले अधिकारी-नहीं ली गई कोई अनुमति

**चमोली, एजेंसी।** राकेश अपने साथी सात ट्रैकर्स के साथ 19 सितंबर को देहरादून से नंदाघुंघटी ट्रैक के लिए रवाना हुए। उनके साथ दो अन्य पोर्टर/गाइड भी थे। 29 सितंबर को सभी ट्रैकर्स सहकर्मियों के साथ कैंप नंबर एक नंदाघुंघटी पर्वत पर थे। इस दौरान राकेश के सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गए।

नंदाघुंघटी ट्रैक पर गए यूपी के लखनऊ के अलीगंज निवासी एक ट्रैकर की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव भाई के हवाले कर दिया। हार्टअटैक से मौत की आशंका है।

वहीं, बदरीनाथ वन प्रभाग के अधिकारियों ने बतायाद, ट्रैकर्स बिना अनुमति ट्रैकिंग पर गए थे। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीएस रावत ने बताया, राकेश पाठक (44) निवासी कुर्सी रोड अलीगंज लखनऊ यूपी का शव साथी पर्वतारोही ट्रैकर्स कर्णप्रयाग अस्पताल लेकर आए।

ट्रैकर्स ने बताया, राकेश अपने साथी सात ट्रैकर्स के साथ 19 सितंबर को देहरादून से नंदाघुंघटी ट्रैक के लिए रवाना हुए। उनके साथ दो अन्य पोर्टर/गाइड भी थे। 29 सितंबर को सभी ट्रैकर्स सहकर्मियों के साथ कैंप नंबर एक नंदाघुंघटी पर्वत पर थे। इस दौरान राकेश के सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गए।



गाइड ने प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की। इसके बाद स्ट्रेचर से बेस कैंप होमकुंड लाया गया। 30 नवंबर को सुतोल तक घोड़े की मदद से और सुतोल से कैंपर वाहन से कर्णप्रयाग अस्पताल लाया गया। प्रथम दृष्टया राकेश की मृत्यु नंदाघुंघटी पीक पर ही हार्टअटैक से होनी प्रतीत हुई है।

## रानीखेत एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनों का बदलेगा स्वरूप

### 160 किलो मीटर प्रति घंटा होगी रफ्तार

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
रेलवे विभाग यात्रियों के सफर को आसान व सुविधाजनक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस क्रम में अब रानीखेत एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति और नैनी-दून एक्सप्रेस में एलएचबी (लिंक हाफमैन बुश) कोच लगाने की तैयारी की जा रही है। एलएचबी कोच लगते ही ट्रेनों की गति 110 किलो मीटर प्रति घंटा से बढ़कर 160 किलो मीटर प्रति घंटा हो जाएगी।



असल में एलएचबी जर्मन तकनीक है। यह अधिकतर तेज गति वाली ट्रेनों में इस्तेमाल किया जाता है। जिससे ट्रेन और भी स्पीड से पटरी पर दौड़ सकती है। इसके साथ ही ज्यादा स्पेस होने से यात्री आराम से सीट पर बैठ व लेट सकते हैं। दुर्घटना होने की संभावना कम रहती है। क्योंकि ये कोच पटरी से आसानी से नहीं उतरते है।

काठगोदाम से दिल्ली व अन्य शहरों को जाने वाली रानीखेत एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति व नैनी-दून एक्सप्रेस सालों पुराने आइसीएफ कोच (इंटीग्रल कोच फैक्ट्री) लेकर दौड़ रही है। जबकि बाकी ट्रेनों में एलएचबी कोच लगाए जा चुके हैं। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने तीनों ट्रेनों में एनएचबी कोच लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। एलएचबी कोच लगते ही नीचे रंग के कोच फिर कभी नजर नहीं आएंगे। क्योंकि एलएचबी कोच का कलर लाल होगा।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन कुमाऊं का अंतिम रेलवे स्टेशन है। जो कमाई के मामले में अपना ही रिकार्ड तोड़ रहा है। स्टेशन का सालाना कमाई तकरीबन 44 करोड़ रुपये पहुंच गई है। इसलिए स्टेशन एनएसजी श्री की श्रेणी में बना हुआ है। रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2023-24 के आंकलन के आधार पर स्टेशनों की श्रेणी तय की है। इज्जतनगर मंडल से प्राप्त रिकार्ड के अनुसार काठगोदाम रेलवे स्टेशन की सालाना आया 44 करोड़ रुपये पहुंच गई है। वहीं हल्द्वानी और लालकुआं की 16 करोड़, काशीपुर की 10 करोड़ तथा रुद्रपुर स्टेशन 15 करोड़ की सालाना आय हो गई है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने कहा कि रेलवे आधुनिकरण की ओर निरंतर प्रगति कर रहा है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के प्रयास जारी हैं।

# हरियाणा में अगली सरकार आम आदमी पार्टी के बगैर नहीं बनेगी: सिसोदिया

## इस बार झाड़ू का बटन दबाकर अच्छे स्कूल और अच्छे अस्पतालों के लिए मोहर लगाओ: सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री बुधवार को आदमपुर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार एडवोकेट भूपेंद्र बेनीवाल, नलवा से पार्टी उम्मीदवार उमेश शर्मा और हिसार से पार्टी उम्मीदवार संजय सातरोड़िया के समर्थन में रोड शो में पहुंचे। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद रही। वहीं रोड शो के दौरान पूरे रास्ते पुष्पवर्षा होती रही। मनीष सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहा कि वे दिल्ली से अरविंद केजरीवाल का संदेश लेकर आए हैं। अरविंद केजरीवाल हरियाणा के लाल हैं, हरियाणा के बेटे हैं। जब दिल्ली के लोगों ने उन्हें मौका दिया तो अरविंद केजरीवाल ने एक करिश्मा करके दिखाया। अरविंद केजरीवाल पूरे देश में एकमात्र नेता हैं जिनकी सरकार में जनता के बिजली के बिल जीरो आते हैं और 24 घंटे बिजली आती है। इस बार झाड़ू का बटन दबाओ और बिजली का बिल जीरो करवाओ। बीजेपी की इतने राज्यों में सरकार है। कांग्रेस की भी कई राज्यों में सरकारें हैं। केजरीवाल ने दिल्ली में सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से बेहतर बनाने का काम किया। अगर अपने परिवार का अच्छा भविष्य चाहते हो तो झाड़ू का बटन दबाने का काम करें।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ईमानदारी की सरकार है। जब दिल्ली में बिजली के बिल जीरो हो सकते हैं तो हरियाणा में भी हो सकते हैं। बीजेपी वालों ने जब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तो कहा कि पंजाब में बिजली के बिल जीरो करके दिखाओ। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में भी बिजली के बिल जीरो करके दिखा दिए। दिल्ली में पहले आठ आठ घंटे के कट लगते थे, लेकिन केजरीवाल की सरकार में 24 घंटे बिजली आती है।

उन्होंने कहा कि पंजाब और दिल्ली में लोग सरकारी अस्पतालों में बढ़िया इलाज फ्री में पाते हैं। बीजेपी और कांग्रेस वालों ने किसी भी राज्य में सरकारी अस्पतालों को ठीक नहीं किया है। ये सिर्फ केजरीवाल की गारंटी है। 18 साल से ऊपर की सभी महिलाओं के लिए एक हजार रुपये की राशि केजरीवाल की गारंटी है। युवाओं को सौ प्रतिशत रोजगार की गारंटी भी केवल आम आदमी पार्टी ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस बार आम आदमी पार्टी की सरकार ले आओ, आपके घरों में भी 24 घंटे बिजली आएगी और फ्री आएगी। ये अरविंद केजरीवाल का भगवान का आशीर्वाद है। जहां केजरीवाल जाते हैं वहां सरकारी स्कूल भी प्राइवेट से बेहतर हो जाते हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूल ऐसे कर दिए कि वहां से पढ़कर बच्चे आईआईटी जा रहे हैं। नीट में डॉक्टर बन रहे हैं। हरियाणा में भी केजरीवाल की गारंटी है, झाड़ू का बटन दबाओ और अच्छे सरकारी स्कूल पाओ। अच्छे अस्पताल भी केजरीवाल की गारंटी है। पंजाब में कर दिए, दिल्ली में कर दिए अब हरियाणा की बारी है।

उन्होंने आदमपुर से भूपेंद्र बेनीवाल, नलवा से उमेश शर्मा और हिसार से संजय सातरोड़िया को केजरीवाल का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि झाड़ू के निशान का बटन दबाकर इनको विधायक बनाने का काम करें। आपके इलाके में सामाजिक काम कर रहे हैं। इस बार हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है। ये जिम्मेदारी आप लोगों की है कि अब आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने का काम करें।

# महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई की जयंती

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर कार्यालय नगर पालिका मे चेयरपर्सन शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा पालिका सभासद गण व पालिका स्टॉफ की उपस्थिति मे राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये गए। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष शशि जैन द्वारा अपने वक्तव्य मे बताया गया की इस वर्ष महात्मा गाँधी जी की 155 वीं सालगिरह पर सरकार द्वारा दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत महात्मा गाँधी जी के 155वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य मे दिनांक 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 155 घण्टे नॉन-स्टॉप महा सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा भी व्यापक रूप से नगर मे निरंतर 155 घण्टे तक दिन रात सफाई अभियान चलाया जा रहा है ! यह राष्ट्रपिता के सत्य अहिंसा एवं आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को आत्मसात करने एवं अपने देश को उनके बताये मार्ग का अनुसरण करते हुए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे सर्वप्रथम स्वच्छ व सुन्दर भारत बनाये जाने के इस अभियान का अंग बनकर महात्मा गाँधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे पूर्व पालिका अधिशासी अधिकारी महोदय के नेतृत्व मे नगर मे विभिन्न स्थानों पर सफाई महा अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पालिका सभासद, पालिका अधिकारी, कर्मचारी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने भव्य रामबारात का फीता काटकर किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



रामपुर/स्वार रामपुर। स्वार में भव्य रामबारात का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी द्वारा प्रतिवर्ष निकाली जाने वाली भव्य रामबारात का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं भगवान राम और लक्ष्मण की दिव्य और मनोहर झांकी का तिलक करके भव्य राम बारात का शुभारंभ किया रामबारात में सीताराम, भरत शत्रुघ्न, शिवपार्वती, भारत माता तथा अनेक झांकियो ने लोगों का मन मोह लिया। रामबारात मुख्य मार्ग स्थित रामलीला स्थल से प्रारंभ होकर रामपुर बाजपुर मार्ग से होती हुई नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी राम बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कपिल वाल्मीकि, उत्तराखंड के बाजपुर के विश्व हिंदू परिषद से यशपाल राजहंस, प्रमेंद्र कालिया, दीप सिंह राही, अक्कू सक्सेना, मयंक मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, राजा बाबू शर्मा, ओम प्रकाश आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर स्वार कोतवाल सुरक्षा की दृष्टि से संदीप त्यागी मय पुलिस फोर्स के राम बारात शोभा यात्रा में शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री के स्वच्छ अभियान को आओ सार्थक करें। थान सिंह यादव



गांव ग्रामीणों को आवाह्न चलाएं स्वच्छ अभियान। पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने आज 2 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ अभियान के आह्वान पर स्वच्छ पखवाड़ा मनाने को सार्थक करने के लिए गांव नांगलोई सईदान, गांव पीरागढ़ी में सफाई अभियान चलाया और दिल्ली देहात गांव ग्रामीणों से अपील की कि आप भी अपने-अपने गांव और क्षेत्रों में सफाई अभियान के कार्यक्रम को चलाएं और अपने दिल्ली देहात व गांवों को स्वच्छ रखने में अपना पूरा योगदान दें। गांव देहात स्वच्छ रहे आप सभी स्वस्थ रहें। हमारा वातावरण शुद्ध होगा प्रदूषण को रोकने में सहयोग मिलेगा। इसलिए इस स्वच्छता की मुहिम को जोर देकर आगे बढ़ने का काम करें।

इस मौके पर वार्ड 48 सुरहकिशन नगर की निगम पार्षद मोनिका गोयल ने स्वच्छ अभियान को लेकर सभी से आग्रह किया की अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर सुनील मित्तल, धर्मवीर कौशिक, टी आर गोयल व प्रशांत चोपड़ा भी सफाई अभियान मे उपस्थित हुए।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

प्रातः किरण संवाददाता



मसवासी।नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयोजक हरिओम मोर्य द्वारा नगर पंचायत मसवासी के परिसर में स्थित 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा पर कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सफाई अभियान के बारे में भी विस्तार से बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने अनेक मोको पर स्वयं सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया है तथा महात्मा गांधी जी के स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया है तथा तब से ही पूरे देश में एक बहुत बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है आज हमारा पूरे देश में सभी शहर स्वच्छ दिखाई पड़ते हैं सभी गांव मोहल्ले रेलवे स्टेशन अस्पताल सार्वजनिक स्थल आज स्वच्छ दिखाई देते हैं वह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान की ही देन है साथ ही नगर पंचायत परिसर में सम्राट अशोक की विशाल प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया । इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, ब्रह्मपाल सागर, सोमपाल सागर, विजय मौर्य, सुभाष मौर्य उर्फ सोनू, मोहम्मद वसीम, पवन मौर्य, रवि मौर्य, राजेश मोर्य, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 121वां नवरात्र महोत्सव व धर्म सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

ब्रह्मलीन सदगुरु श्री श्री 108 राजमाताजी महाराज द्वारा स्थापित एवम स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा संचालित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर गोरख पार्क शाहदरा में मनाए जाने वाले नवरात्र महोत्सव एवं भव्य भगवती चौकी की तैयारियां पूरी कर ली गई है। दरबार के प्रबंधक राम वोहरा ने बताया कि स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाले 121वां नवरात्र महोत्सव एवं भव्य भगवती चौकी अनुष्ठान से पहले मंदिर परिसर को रंग बिरंगे कपड़ों कृतिम फूलों से सजाया गया है। दरबार वाली गली को झिलमिलाती लाइटों से सुसज्जित किया गया है। 3अक्तूबर प्रथम नवरात्र दोपहर 11बजे चंडी यज्ञ में आहुतियां अर्पित करने के साथ ही अनुष्ठान विधिवत शुरू होगा। तत्पश्चात जय देवा भजन मंडल के सदस्यों द्वारा मातृ गुणगान एवम स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा शक्ति महिमा पर सत्संग के बाद मंदिर गर्भगृह स्थित गुफा में खेत्री बिजन अखंड ज्योति प्रचंड करने के साथ ही जनकल्याण एवम विश्व शांति हेतु पूर्ण नवरात्र मौनव्रत शुरू हो जाएगा। दूसरे से सप्तमी नवरात्र यानी 10 अक्टूबर तक प्रातः यज्ञ एवम दोपहर बाद 3 से 6 बजे तक भगवती चौकी जिसमे विभिन्न कलाकर महामाई का गुणगान करेंगे अनेक धार्मिक समाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। दुर्गाष्टमी 11 अक्तूबर प्रातः कन्यापुजन के बाद शाम 5बजे से भव्य भगवती चौकी में स्वामीजी द्वारा पूर्ण नवरात्र मौनव्रत संपन्न होगा जिसमे प्रसिद्ध गायक कुलदीप सिंह एवम महंत सुनील निर्मल जी महामाई का गुणगान करेंगे। दरबार की ओर से सज्जा, सुरक्षा, भजन संगीत, भंडारा आदि के लिए सेवादार नियुक्त किए गए हैं। प्रतिदिन दोपहर को अन्नहार एवम सायंकाल चौकी के बाद फलाहार भंडारा वितरण किया जाएगा।

# श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव हुआ संपन्न

नई दिल्ली । विश्व के समस्त हिंदुओं की सुख समृद्धि व उनके पूर्वजो की आत्मिक शांति हेतू पितृपक्ष में 25 सितम्बर से सिद्ध पीठ श्री सीता राम संत सेवा मंदिर एवं गौशाला में अंतर्राष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवं महामंडलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहा 125 वा आठ दिवसीय श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव 02 अक्टूबर को विश्व शान्ति हेतू डाली गई लाखों आहुतियों के साथ संपन्न हुआ। पितृ पक्ष में 8 दिन तक चले अनुष्ठान में जहां हजारों श्रद्धालुओं को भागवत कथा मर्मज्ञ श्री संकर्षण शास्त्री जी के श्री मुख से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की अमृत वर्षा का रसपान करने का अवसर मिला वहीं उन्होंने महोत्सव के अंतिम दिन सर्व पितृ शांति यज्ञ में विश्व के कल्याण हेतू लाखों आहुतियों डालकर अपना व अपने परिवार का भी जीवन धन्य किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री राम गोविंद दास महात्यागी जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि श्रीमद भागवत महापुराण का श्रवण करना साक्षात भगवान के दर्शन करने के समान होता है क्योंकि जहां पर भी श्रीमद भागवत महापुराण होती है वह स्थान तीर्थ बन जाता है और भगवान वहां स्वयं विराजमान होकर यज्ञ को संपन्न कराते हैं व अपने भक्तों आशीर्वाद देते हैं। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य श्री संकर्षण शास्त्री जी ने बताया कि श्रीमद भागवत की कथा एक ऐसा कल्पवृक्ष हैं जिसके श्रवण मात्र से मनुष्य भव सागर से भी पार हो जाता है और उसके पाप तक पुण्य में तब्दील हो जाते है।

# शाश्वत हिंदू ने किया बलिदानी हुतात्माओं का सामूहिक तर्पण

## मंदिर बनेंगे सामाजिक गतिविधियों के केंद्र : सुनील गुप्ता

नई दिल्ली। धर्म रक्षा एवं राष्ट्र रक्षा में हजारों वर्षों से बलिदान हुए ज्ञात अज्ञात हुतात्माओं के श्रध्दा निवेदन के लिए अपने कर्तव्य का पालन करने के लिए सर्व पितृ अमावस्या तिथि को सामूहिक तर्पण का कार्यक्रम दिल्ली के विभिन्न मंदिरो सहित दर्जनों स्थानों पर किया गया। कार्यक्रम में अनेकों सामाजिक सांस्कृतिक, लोग उपस्थित होकर अपने उन महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जो हजारों वर्षों में सनातन धर्म संस्कृति और भारत भूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति दे चुके हैं। शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से ज्ञात अज्ञात हुतात्माओं के लिए सामूहिक तर्पण का कार्य हर वर्ष पूरे देश में किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक शाश्वत देवालय के राष्ट्रीय संयोजक सुनील गुप्ता जी ने बताया कि इस पुनीत कार्य से पूरे दिल्ली ही नहीं देश भर के युवाओं में अपने राष्ट्र के प्रति बलिदान हुए हुतात्माओ के बारे में विमर्श का सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि पूरे दिल्ली में अगले वर्ष अपने भूले बिसरे सनातनी नायकों के लिए तर्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान जो मंदिरो को भक्ति केंद्र से शक्ति केंद्र बनाने के संकल्प से जागरूकता फैला रहा है उसे देश के गांव गांव के मंदिरो तक ले जाया जाएगा। महरौली के विश्वकर्मा मंदिर, और सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित तर्पण कार्यक्रम में शाश्वत हिंदू के संयोजक सरोज कुमार महापात्र और पश्चिमी दिल्ली के डाबरी वैशाली स्थित श्री राम मंदिर में संगठन के संयोजक के.डी.पाठक ने अपने सनातनी हुतात्माओ के प्रति श्रध्दा तर्पण करते हुए कहा कि शाश्वत हिंदू का आभियान, दो घंटे मंदिर के नाम से चलाया जाएगा और मंदिरो को सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र बनाया जाएगा। इस पुण्य अवसर पर सभी सनातनी भक्त लोगों ने तर्पण क्रिया में शामिल होकर आत्म आंनद को प्राप्त किया और सनातन धर्म संस्कृति और राष्ट्र के नायको के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस तर्पण कार्यक्रम में देश-विदेश के सैकड़ो संस्थाओं मंदिरों ने ने सहभागिता की। सामूहिक तर्पण कार्यक्रम को सफल बनाने में विवेक गुप्ता, अरुण पाठक, दिनेश गुप्ता, रवि गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, पूजा, सुनील, विजय साहनी वीरेंद्र गायत्री परिवार सत्येंद्र चौधरी, आलोक सक्सेना, तुषार जी, राकेश गुप्ता, सोहनवीर, श्रीमन चौधरी आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

# एनजीओ माँ फाउंडेशन की संस्थापक चेयरमैन मुस्कान पांडेय ने किया निजामी ब्रदर्स नाईट का भव्य आयोजन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

एनजीओ माँ फाउंडेशन की संस्थापक चेयरपर्सन मुस्कान पांडेय ने विकासपुरी स्थित गोल्डन एपल बैंकट में एक विशेष कव्वाली शाम का आयोजन किया, जिसमें निजामुद्दीन औलिया दरगाह के प्रसिद्ध कव्वाल निजामी ब्रदर्स ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित और दबे-कुचले लोगों के उत्थान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन मुस्कान पांडेय ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि माँ फाउंडेशन समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया, जो पूरी तरह से सरकारी सहायता के बिना चल रही हैं। मुस्कान ने कहा, हमारी कोशिश है कि समाज का हर वर्ग हमारे साथ आए और इस बदलाव का हिस्सा बने। उनका यह संदेश समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक नई प्रेरणा प्रदान करता है।

यह कव्वाली शाम केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता के लिए भी थी। ऐसे आयोजनों से लोगों में एकता और सामंजस्य का भाव बढ़ता है। मुस्कान ने स्पष्ट किया कि आज के समय में, जब समाज में कई समस्याएं हैं, ऐसे आयोजनों की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। इस महफिल ने न केवल लोगों को एकत्रित किया, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

निजामी ब्रदर्स ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया, जिससे दर्शक झूमने लगे। उनकी कव्वालियों में सूफी संगीत और गहरे भावों का समावेश था, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर प्रस्तुति में एक अलग जादू था, जो श्रोताओं को गहराई में ले जाता था। इस महफिल में दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस आयुक्त विनोद नारंग, सहायक पुलिस आयुक्त संजय कुमार, महाबीर प्रसाद मिश्रा, माँ फाउंडेशन की ट्रस्टी सविता गुप्ता, ट्रस्टी नमिता अरोड़ा, ट्रस्टी राजकुमार त्यागी, दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशुतोष पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार मणि आर्य, और वरिष्ठ पत्रकार विक्रम गोस्वामी जैसे गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी महत्व दिया, जो यह दर्शाता है कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए हर स्तर पर सहयोग की आवश्यकता है। माँ फाउंडेशन के चेयरपर्सन मुस्कान पांडेय ने कई सामाजिक योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने बताया कि उनकी योजनाएं मुख्यतः महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के क्षेत्र में हैं। मुस्कान ने कहा, ङ्गहमें अपने प्रयासों में निरंतरता बनाए रखनी है, ताकि हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। उनका यह दृष्टिकोण निश्चित रूप से समाज में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

महफिल-ए-शाम कव्वाली केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन का हिस्सा था। इस तरह के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती मिलती है। मुस्कान पांडेय और उनकी टीम का प्रयास सराहनीय है, और यह स्पष्ट है कि माँ फाउंडेशन समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। समाजसेविका मुस्कान पांडेय का नेतृत्व निश्चित रूप से समाज में एक नई दिशा प्रदान कर रहा है।

## जन सुनवाई में अश्लील कंटेंट के प्रसार पर तुरंत रोक की मांग

नई दिल्ली। गांधी जयंती के अवसर पर भारत के संविधान क्लब में यौन हिंसा के सैकड़ों पीड़ितों ने एकजुट होकर समाज को दूषित कर रही यौन विकृत सामग्री पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की जोरदार मांग की। जन सुनवाई का आयोजन यौन विकृत सामग्री के उत्पादन के खिलाफ लड़ने वाले संगठनों के गठबंधन द्वारा किया गया, जिसमें पीड़ितों ने साहस के साथ अपने दर्दनाक अनुभव साझा किए और यह उजागर किया कि किस प्रकार पुरुष, इस प्रकार की सामग्री देखकर महिलाओं के साथ और उनके खिलाफ अपराध कर रहे हैं, जिसमें बलात्कार जैसे अपराध भी शामिल हैं। यह कार्यक्रम सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन, पीपल्स अगेंस्ट रेप इन इंडिया (पीएआरआई), संपूर्णा और सेवा न्याय द्वारा आयोजित किया गया था।

# 4 साल में पराली जलाने की घटनाओं में 50% की कमी, फिर भी समस्या बरकरार

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने पर पराली जलाने को लेकर राजनीति तेज हो जाती है, लेकिन आंकड़ों पर गौर करें तो 2020 से अब तक पराली जलाने के मामलों में करीब 50 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, 2020 में जहां 87,600 मामले पराली जलाने के दर्ज किए गए थे. वहीं, 2023 में 39,186 पराली जलाने के मामले सामने आए. इसके बाद भी दिल्ली एनसीआर के लोगों को प्रदूषण से राहत नहीं मिल पा रही है. 2022 की तुलना में 2023 में पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 27 प्रतिशत, जबकि हरियाणा में 37 प्रतिशत तक की कमी आई है. सीएक्यूएम के अनुसार, वर्ष 2022 की तुलना में पंजाब के तीन और हरियाणा के पांच जिले ऐसे रहे थे, जहां 2023 में पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी थीं. सीएक्यूएम सूत्रों के मुताबिक इसके चलते इन आठों जिलों पर इस बार विशेष निगरानी बरती जा रही है. यहां पर लोगों को जागरुक करने, पराली प्रबंधन के अन्य तरीके बताने के साथ बाध्यकारी कदम भी उठाने की तैयारी है. 15 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच जलती है सर्वाधिक पराली: पंजाब और हरियाणा के खेतों में धान की कटाई के बाद ही कृषि अवशेष जलाने लगते हैं, हालांकि 15 अक्टूबर से 25 नवंबर तक पराली जलाने की सबसे ज्यादा घटनाएं होती हैं. इसी दौरान दीपावली भी आता है और हवा की गति बहुत धीमी होती है, पराली और दीवाली का धुआं मिलकर प्रदूषण की स्थिति को और खतरनाक बना देते हैं.

# गांधी जी का जीवन हमेशा सर्वजन समभाव की सीख देता है, उनके जीवन दर्शन से सीख लेकर आप सरकार जनता की सेवा में जुटी है- केजरीवाल

## बापू का जीवन संदेश सदैव पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता रहेगा- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बापू को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हमेशा सर्वजन समभाव की सीख देता है। आम आदमी पार्टी की सरकार बापू के जीवन दर्शन से सीख लेकर जनता की सेवा में जुटी है। उनका सपना एक ऐसे देश का था, जहां सबको अच्छी शिक्षा और इलाज मिले, सभी धर्म-जाति के लोग भाई-चारे के साथ रहें, जो अब दिल्ली में मुमकिन होने लगा है। दिल्ली में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा, सबको अच्छा इलाज व 24 घंटे बिजली, पानी, किसानों को पूरा मुआवजा, शहीदों को सम्मान और युवाओं को रोजगार मिलने लगा है। बापू का जीवन संदेश सदैव पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता रहेगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर पूरा देश बापू को याद कर रहा है। गांधी जी का सपना एक ऐसा देश का था, जहां हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर बीमार को अच्छा इलाज मिले और जहां सभी जाति और धर्म के लोग भाईचारे के साथ रहें।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि आज बापू को श्रद्धांजलि देते हुए हमें खुशी है कि देश की राजधानी दिल्ली में यह सब मुमकिन होने लगा है। आज दिल्ली में हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिल रही है। हर व्यक्ति को अच्छा इलाज मिल रहा है। 24 घंटे सस्ती बिजली आने लगी है। घर-घर तक पीने का पानी पहुंच रहा है। किसानों को पूरा मुआवजा मिल रहा है। शहीदों और जवानों को सम्मानित किया जा रहा हैं। युवाओं को रोजगार मिलने लगा है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए लड़ते हुए गांधी जी का सपना था कि ऐसा हिंदुस्तान बनाएंगे, जहां बेहतर जिंदगी पर सभी का समान अधिकार होगा। क्योंकि देश, जमीन पर खींची हुई किसी लकीर का नाम नहीं है। देश, देश के लोगों से बनता है। हमने दिल्ली में जन-गण को जोड़कर इस तंत्र को बदला है। हमने गणतंत्र को उसकी ताकत से मिलवाया है। दिल्लीवासियों को बापू के सपनों की यह सुनहरी सुबह मुबारक हो।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन। बापू का जीवन हमेशा सर्वजन समभाव की सीख देता है। उनके जीवन दर्शन से सीख लेकर हम सभी जनता की सेवा में जुटे हैं। बापू का जीवन संदेश सदैव पूरे विश्व का मार्गदर्शन करता रहेगा।

# पोषण माह का हुआ समापन, प्रमाणपत्रों से किया सम्मानित

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में 7वां राष्ट्रीय पोषण माह सुपोषित भारत थीम के तहत सितंबर माह में मनाया गया। इसमें एक सुपोषित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया गया है। इसमें लाभार्थियों को कुपोषण से बचाव और मोटा अनाज सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस पोषण माह के समापन दिवस पर जिला अधिकारी इन्द्रप्रीत पाठक ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीपीओ हेमलता, सुनीता सांगवान, सीमा मलिक, सुभाष देशवाल, डी राम, सुनीता वत्स, अमित पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। बता दें कि सरकार के एक आदेश के अनुसार इस वर्ष के पोषण माह में आयोजन के दौरान एनीमिया, बच्चों की विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, पोषण को प्रभावित करने वाले क्षेत्र, जन जागरूकता गतिविधियों पर प्रमुखता से ध्यान दिया गया है।

# समझ में ही नहीं आता सत्ता में है या विपक्ष में आम आदमी पार्टी : विनोद जायस

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी पिछले एक दशक से दिल्ली की सत्ता में है और अब तो पिछले कई साल दिल्ली नगर निगम में भी इनका साम्राज्य है। इनकी इस पार्टी के आचरण को देखते हुए यह एहसास ही नहीं होता कि ये सत्ताधारी दल के लोग है। सत्ता में होने के बावजूद ये धरने प्रदर्शन करते रहते हैं तो ऐसा लगता है यी अभी भी खुद को विपश में समझते हैं। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते हैं आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की राजनीति के स्वरुप को ही बदलकर रख दिया है। सत्ता में होने के बावजूद पिछले 10 वर्षों में केजरीवाल सरकार और इनके मंत्री, विधायक अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए खुद ही विपक्ष की भांति सड़क से सदन तक नारेबाजी, धरना, प्रदर्शन करते दिखाई दिए है और यही हालात विधानसभा में हुए जब सौरभ भारद्वाज के साथ आप विधायकों ने मार्शलों की बहाली पर नारे बाजी करके लोकतांत्रिक मयार्दा का अपमान किया। विनोद जायस ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल बुजुर्गों की पेंशन रोकने, सड़कों के मरम्मत का काम रोकने, बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा रोकने के लिए आरोप लगा रहे है कि केन्द्र सरकार ने काम रुकवाया। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति और काम न करने की प्रवृति वाले केजरीवाल अपनी जिम्मेदारी लेने की बजाय हर विषय पर दूसरों को जिम्मेदार ठहराते है। अगर उनकी नियत में खोट नही था तो उन्होंने 10 हजार मार्शलों, आगनबाड़ी वर्करों, 23 हजार से अधिक गेस्ट और वेकेशनल टीचरों सहित हजारों सरकारी विभागों में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों को स्थायी नौकरी पर रखना चाहिए था। अगर दिल्ली सरकार इन लोगों को स्थायी नौकरी देती तो इन लोगों के परिवारजनां के सामने अजीविका चलाने का संकट नही आता। उन्होंने कहा कि हजारों लोग नौकरी पर वापसी के लिए सड़कों पर उतरे हुए है, जिसके लिए आम आदमी पार्टी जिम्मेदार है। बात बात पर धरना देने वाली पार्टी इस मुद्दे पर धरने पर नहीं बैठी और ना ही कोई प्रदर्शन किया गया। यानी जब इस पार्टी का मन करता है तब सत्ता के रोल में दिखती हाउ जब मन करता है यह पार्टी विपक्ष के रोल में आ जाती है।

**सम्पादकीय**

## हिन्दू धर्म के प्रमुख पवित्र त्योहारों में से एक है नवरात्रि : सुनील कुमार



ॐ जयन्ती मंगला काली भद्र काली कपालिनी दुर्गा क्षमा शिवाधात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते..!!
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

भक्ति और शक्ति की उपासना का पवित्र महापर्व नव दुर्गा पूजा, जिसे नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म के प्रमुख पवित्र त्योहारों में से एक है। इस पर्व की शुरूआत प्रत्येक वर्ष अश्वनि माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का पवित्र महापर्व 3 अक्टूबर 2024 (बृहस्पतिवार) से शुरू होकर 11 अक्टूबर 2024 (शुक्रवार) को समाप्त होगी तथा 12 अक्टूबर 24 (शनिवार) को दुर्गा विसर्जन होगा। यह पर्व नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और साधना को समर्पित होता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने अश्वनि माह में दुर्दांत शक्तिशाली राक्षस महिषासुर से 09 दिनों तक युद्ध कर नवमी की रात्रि को उसका वध किया था, इसलिए इन 9 दिनों को शक्ति की आराधना के लिए अर्पित कर दिया गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस पवित्र पर्व में हर दिन मां भगवती दुर्गा जिन्हे आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है के अलग - अलग रूपों में से एक-एक रूप की पूजा व साधना की जाती है तथा विशेष मंत्रों का जाप किया जाता है। नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ नौ रातें होता है, और इन दिनों में भक्त उपवास रखकर शक्ति स्वरूपा मां देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना कर मातारानी की कृपा प्राप्त करने के लिए साधना करते हैं। भक्त घरों और मंदिरों में मां दुर्गा के नाम से भजन-कीर्तन करते हैं। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है, जिसमें नौ कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। मां भगवती नवदुर्गा के नौ रूप–शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री–प्रकृति के विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं, हर देवी के अलग - अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है जिन्हे पापों की विनाशिनी कहा जाता है। इन नौ दिनों में प्रत्येक दिन मां देवी दुर्गा के एक विशेष रूप की पूजा व साधना की जाती है। यह पूजा देवी के विभिन्न स्वरूपों के गुणों और उनकी शक्तियों को समझने और उनके प्रति आस्था, भक्ति व सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम है :- 1. शैलपुत्रीः यह देवी का पहला रूप है। देवी शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं और इन्हें प्रकृति की देवी के रूप में पूजा जाता है। यह नारी शक्ति का प्रतीक हैं।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥
2. ब्रह्मचारिणीः दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, जो तपस्या और संयम की देवी हैं। उनकी पूजा से साधकों को आत्मबल और धैर्य की प्राप्ति होती है।
दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला-कमण्डलू ।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥
3. चंद्रघंटाः तीसरा रूप चंद्रघंटा का है, जो शांति और वीरता का प्रतीक है। इनके माथे पर अर्धचंद्र है और यह अपने भक्तों को साहस और शांति का आशीर्वाद देती हैं।
पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥
4. कूष्माण्डाः चौथा रूप देवी कूष्माण्डा का है, जिन्होंने ब्रह्मांड की रचना की। यह देवी ऊर्जा और शक्ति की देवी हैं, जो अपने भक्तों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं।
सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदाऽस्तु मे॥
5. स्कंदमाताः पांचवां रूप स्कंदमाता का है, जो भगवान कार्तिकेय की माता हैं। यह मातृत्व और स्नेह का प्रतीक मानी जाती हैं और संतान की मंगलकामना के लिए पूजा जाता है।
सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥
6. कात्यायनीः छठा रूप कात्यायनी का है, जो महर्षि कात्यायन की पुत्री हैं। यह युद्ध और विजय की देवी मानी जाती हैं और उनके भक्तों को साहस और वीरता प्राप्त होती है।
चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥
7. कालरात्रिः सातवां रूप कालरात्रि का है, जो काले रंग की देवी हैं और सभी दुष्ट शक्तियों का नाश करती हैं। यह रूप अज्ञान और अंधकार को समाप्त करता है और जीवन में प्रकाश लाता है।
एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥
8. महागौरीः आठवां रूप महागौरी का है, जो अत्यंत श्वेत वर्ण की हैं और पवित्रता की प्रतीक मानी जाती हैं। इनके पूजन से भक्तों को सुख-समृद्धि और शांति मिलती है।
श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥
9. सिद्धिदात्रीः नवम और अंतिम रूप सिद्धिदात्री का है, जो सभी सिद्धियों की देवी हैं। यह भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियों और ज्ञान की प्राप्ति कराती हैं।
सिद्धगन्धर्व-यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।

## महिला सुरक्षा-दर्पण झूठ न बोले

महिला सुरक्षा व संरक्षण के जितने दावे हमारे देश में किये जाते हैं उतने किसी देश में नहीं किये जाते। इसी तरह जितना धार्मिक होने का दिखावा हमारे देश में किया जाता है, धर्म व अध्यात्म की जितनी चर्चा हमारे देश में की जाती है शायद अन्यत्र कहीं नहीं होती। परन्तु इसके विपरीत पूरे देश में उतना ही अधिक अधर्म व्याप्त नजर आता है। कोई क्षेत्र कोई संस्था कोई विभाग ऐसा नहीं जहाँ नारी का अपमान न होता हो, जहाँ झूठ और भ्रष्टाचार सिर चढ़कर न बोलता हो। जहाँ स्वार्थ और मुफ़्तखोरी का बोल बाला न हो। परन्तु इस वास्तविकता के बावजूद सुबह से शाम तक पूरे देश में बड़े बड़े पेशेवर प्रवचन कताओं के ह्यसत्संगह्ल आयोजित होते रहते हैं। देश के लाखों मंदिरों मस्जिदों व अन्य सभी धर्मस्थलों से भजन कीर्तन आरती अजान भजन शब्द प्रेयर आदि की आवाजें सुनाई देती हैं। विभिन्न धर्मों व समुदायों के धार्मिक जुलूस सड़कों पर उतर कर अपने धार्मिक होने का प्रदर्शन करते रहते हैं। कन्याओं की पूजा भी शायद हमारे देश के सिवा और कहीं नहीं की जाती। देवियों की परिकल्पना भी शायद सिर्फ हमारे ही देश में की गयी है। परन्तु हकीकत तो बिल्कुल इससे विपरीत है। नारी शोषण तथा नारी अत्याचार की जितनी घटनाएं बल्कि जितनी घिनौनी और वीभत्स घटनायें हमारे देश में होती हैं उतनी कहीं नहीं होतीं। और इससे भी शर्मनाक बात यह कि बलात्कारियों व हत्यारों को सत्ता का संरक्षण मिलते हुये भी देखा जा सकता है। पिछले दिनों तो ऐसी अनेक घटनाएं देश में घटीं जिन्हें सुनकर यह सोचने के लिये मजबूर होना पड़ा कि जब संभ्रांत व अभिजात वर्ग की महिलाओं का यह हाल है, वे तक सुरक्षित नहीं फिर आखिर साधारण परिवार की या गरीब घरों की कन्याओं की सुरक्षा की बात कैसे सोची जा सकती है? कोलकाता में गत अगस्त माह में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ उसी अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पहले बलात्कार किया गया उस के बाद उसकी हत्या कर दी गयी। चूँकि मामला बंगाल राज्य का था इसलिये इस मामले में विरोध प्रदर्शन का स्तर काफी ऊँचा रहा। इतना ऊँचा कि लंबे समय तक राज्य के डॉक्टर्स हड़ताल पर रहे। खबरों के मुताबिक डॉक्टरों की इसी हड़ताल के दौरान राज्य भर में 23 मरीजों की जान भी चली गयी। इसी प्रकार 15 सितंबर को एक सैन्य अधिकारी की मंगेतर के साथ ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित भरतपुर पुलिस स्टेशन में पहले बदसलूकी की उसका यौन-उत्पीड़न किया, फिर आर्मी ऑफिसर को लॉकअप में बंद कर दिया। हद तो यह है कि पीड़िता के अनुसार थाने में मौजूद पुलिस अधिकारी ने पहले उसके हाथ-पैर बांधे फिर उसके कपड़े उतारे उसके बाद एक पुरुष पुलिस अधिकारी ने उनके अंडरगारमेंट उतारे, फिर छाती पर लातें मारीं। उसके बाद जब थाने में इंस्पेक्टर-इन-चार्ज पहुंचा तो उसने पीड़ित की पैंट नीचे कर उसे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया और अश्लील बातें कीं।

# 03 अक्टूबर कलश स्थापना - माँ शैल पुत्री की प्रथम पूजा होगी

**पहला दिन - प्रथम अध्याय, दूसरा दिन - दूसरा, तीसरा और चौथा अध्याय**
**तीसरा दिन - पाँचवाँ अध्याय, चौथा दिन - छठा और सातवां अध्याय**
**पाँचवा दिन - आठवां और नौवां अध्याय, छठा दिन - दसवां और ग्यारहवां अध्याय**
**सातवाँ दिन - बारहवाँ अध्याय , आठवां दिन - तेरहवां अध्याय**
**नौवाँ दिन - प्राधानिक रहस्य, वैकृतिक रहस्य एवं मूर्ति रहस्य ।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

शारदीय नवरात्र वृहस्पतिवार को कलश स्थापना और माँ शैल पुत्री की प्रथम पूजा से शुरू होगी। कलश स्थापना हमेशा पूजा घर के ईशान कोण में करना चाहिए। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शारदीय नवरात्र शुरू होकर नवमी तिथि तक चलता है। आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की प्रपिदा तिथि यानि 03 अक्तूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू होगा। शारदीय नवरात्र के नौ दिन मैं माँ नवदुर्गा के नौ रूपों की पूजा होता है, जिसमें प्रतिपदा को माँ शैलपुत्री, दूसरे दिन माँ ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन माँ चंद्रघंटा, चौथे दिन माँ कुष्मांडा, पांचवे दिन माँ स्कंदमाता, छठे दिन माँ कात्यायनी, सातवें दिन माँ कालरात्रि, आठवें दिन माँ महागौरी और नौवें दिन माँ सिद्धिदात्री की अराधना की जाती है। शैलपुत्री देवी दुर्गा के नौ रूप में पहले स्वरूप में जानी जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम ह्यशैलपुत्रीह्ल है। नवरात्र-पूजन में प्रथम दिन इनकी पूजा और उपासना की जाती है। इस दिन योगी अपने मन को ह्यमूलाधारह्ल चक्र में स्थित करते हैं और यहीं से उनकी उपासना और योग साधना का प्रारंभ होता है। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ किया। इस यज्ञ में प्रजापति दक्ष ने सारे देवताओं को अपना-अपना यज्ञ-भाग प्राप्त करने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन भगवान शंकर जी को आमंत्रित नहीं किया था। सती ने जब सुना कि उनके पिता एक अत्यंत विशाल यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं, तब वहाँ जाने के लिए उनका मन विकल हो उठा और उन्होंने अपनी यह इच्छा शंकर जी को बताई। सारी बातों पर विचार करने के बाद शंकर जी ने सती से कहा कि प्रजापति दक्ष किसी कारणवश हमसे रुष्ट हैं। अपने यज्ञ में उन्होंने सारे देवताओं को आमंत्रित किया है। उनके यज्ञ-भाग भी उन्हें समर्पित किए हैं, किन्तु हमें जान-बूझकर नहीं बुलाया है। कोई सूचना तक नहीं भेजी है। ऐसी स्थिति में तुम्हारा वहाँ जाना किसी प्रकार भी श्रेयस्कर नहीं होगा। शंकर जी के इस बात के बावजूद सती का पिता का यज्ञ देखने, वहाँ जाकर माता और बहनों से मिलने की, उनकी व्यग्रता कम नहीं हुई। उनका प्रबल आग्रह देखकर शंकर जी ने उन्हें वहाँ जाने की अनुमति दे दी। सती ने पिता के घर पहुँचकर देखा कि कोई भी उनसे आदर और प्रेम के साथ बातचीत नहीं कर रहा है। सारे लोग मुँह फेरे हुए हैं। केवल उनकी माता ने स्नेह से उन्हें गले लगाया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव भरे हुए थे। परिजनों के इस व्यवहार से उनके मन को बहुत तकलीफ पहुँचा। उन्होंने यह भी देखा कि वहाँ चतुर्दिक भगवान शंकर जी के प्रति तिरस्कार का भाव भरा हुआ है। दक्ष ने उनके प्रति कुछ अपमानजनक वचन भी कहे। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। उन्होंने सोचा भगवान शंकर जी की बात न मान, यहाँ आकर मैंने बहुत बड़ी गलती की है। वे अपने पति भगवान शंकर जी के इस अपमान को सह न सकीं और उन्होंने अपने उस रूप को तत्क्षण वहीं योगाग्नि द्वारा जलाकर भस्म कर दिया। वज्रपात के समान इस दुःखद घटना को सुनकर शंकर जी ने क्रोध में अपने गणों को भेजकर दक्ष के उस यज्ञ का पूर्णतः विध्वंस करा दिया। सती ने योगाग्नि द्वारा अपने शरीर को भस्म कर, अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। शैलराज की पुत्री होने के करण सती ह्यशैलपुत्रीह्ल नाम से विख्यात हुई। इसलिए इस रूप को प्रथम दिन माँ शैलपुत्री की पुजा होती है। नवरात्र में पाठ का प्रारम्भ प्रार्थना से करना चाहिए। उसके बाद दुर्गा सप्तशती किताब से सप्तश्लोकी दुर्गा, उसके बाद श्री दुर्गाष्टोत्तर शतनाम स्तोत्रम, दुर्गा द्वात्रि शतनाम माला, देव्याः कवचम्, अर्गला स्तोत्रम, किलकम, अथ तंत्रोक्त रात्रिसूक्तम, श्री देव्यर्थ शीर्षम का पाठ करने के बाद नवार्ण मंत्र का 108 बार यानि एक माला जप करने के उपरांत दुर्गा सप्तशती का एक-एक सम्पूर्ण पाठ करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति से यह सम्भव नही तो निम्न प्रकार भी पाठ कर सकते है। नवरात्र में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है। नवरात्रि में भोजन के रूप में केवल गंगा जल और दूध का सेवन करना अति उत्तम माना जाता है, कागजी नींबू का भी प्रयोग किया जा सकता है। फलाहार पर रहना भी उत्तम माना जाता है। यदि फलाहार पर रहने में कठिनाई हो तो एक शाम अरवा भोजन में अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, और घी से बनी सब्जी का उपयोग किया जाता है।

# विकास की दौड़ में पीछे छूटता आदिवासी बहुल केराचक्का गांव

**स्थानीय समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद कुर्रे कहते हैं कि पथरीली भूमि होने के कारण यहां खेती का विकल्प बहुत सीमित है। लोगों के पास जमीन के छोटे टुकड़े हैं। जिस पर इतनी फसल नहीं उगती कि उससे होने वाले अनाज से वर्ष भर उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। इसलिए जब खेती का समय नहीं होता है तो यहां का अधिकतर परिवार रोजगार के अन्य विकल्प तलाश करने के लिए पलायन कर जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। कुर्रे बताते हैं कि इस गांव का ऐसा कोई घर नहीं होगा जहां महिलाएं या किशोरियां कुपोषण की शिकार न हों।**





**छोटू सिंह रावत**
**लेखक**

छत्तीसगढ़ के सारगंढ-बिलाईगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर केराचक्का गांव आज भी कई प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से वंचित नजर आता है। गारडीह ग्राम पंचायत से महज दो किमी दूर स्थित इस गांव में 95 प्रतिशत आदिवासी समुदाय निवास करता है। जिसमें खैरवार और बरिहा समुदायों की बहुलता है। यहां लगभग 80 परिवार रहते हैं। गांव तक पहुंचने के लिए एक टूटी फूटी कच्ची सड़क से होकर गुजरनी पड़ती है। बारिश के दिनों में कीचड़ से लबालब होने के कारण इस सड़क से होकर गुजरना लगभग नामुमकिन हो जाता है। इस दौरान न केवल गांव में आवागमन ठप्प हो जाता है बल्कि बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। खराब सड़क के कारण वर्षा के दिनों में बच्चों का स्कूल जाना आना रुक जाता है। इस संबंध में गांव में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुनित लाल चौहान बताते हैं कि इस स्कूल में 23 बच्चों का नामांकन है। लेकिन वर्षा के दिनों में इक्का-दुक्का बच्चे ही पढ़ने आते हैं। गांव का रास्ता इतना खराब है कि बच्चों को स्कूल आने जाने में बहुत परेशानी होती है। वह कहते हैं कि वर्षा के दिनों में जब यहां की सड़क आम आदमी के चलने लायक नहीं होती है तो बच्चों से इससे गुजर कर स्कूल आने की आशा कैसे की जा सकती है? उनके अनुसार इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। अधिकतर अभिभावक वर्षा के दिनों में उन्हें स्कूल नहीं भेजते हैं। वह बताते हैं कि इस गांव से लोग रोजगार की तलाश में परिवार सहित छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों और दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। इसलिए बच्चे स्कूल में नामांकित तो रहते है लेकिन नियमित रूप से स्कूल नहीं आ पाते हैं। स्कूल के बगल में रहने वाले 35 वर्षीय गोकुल बताते हैं कि इस स्कूल में एक ही शिक्षक की नियुक्ति है। जिनके पास पढ़ाने से अधिक ऑफिस के कागजी काम को पूरा करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी होती है। जिसके कारण वह पूरा समय बच्चों को दे नहीं पाते हैं। वहीं रोजगार की तलाश में परिवार सहित पलायन बच्चों को शिक्षा से दूर कर देता है। आर्थिक समस्या के कारण परिवार भी शिक्षा के महत्व से दूर हो जाता है। केराचक्का गांव में ही ग्राम पंचायत गारडीह भवन स्थापित है। स्थानीय निवासी बद्री प्रसाद कहते हैं कि पंचायत चुनाव में यह गांव महिला आरक्षित सीट रही। जिस पर गारडीह गांव की श्यामबाई चौहान को निर्विरोध चुना गया था। गांव में समस्याओं पर बात करते हुए वह कहते हैं कि लोगों के पास रोजगार की कमी होने से उनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। ग्राम पंचायत में भी महीने में एक बार राशन डीलर आता है उस दिन गांव वालों को राशन मिलता है। ग्राम पंचायत की बैठक भी काफी कम होती है। जिसके कारण गांव की कई समस्याएं समय पर पूरी नहीं हो पाती हैं। अधिकतर समय ग्राम पंचायत बंद होने के कारण लोगों के बहुत से काम समय पर पूरे नहीं हो पाते हैं। जिससे गांव वालों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बद्री प्रसाद कहते हैं कि जिला मुख्यालय से दूर दराज होने के कारण यह गांव विकास के दौड़ में बहुत पीछे छूट जाता है। विकास की सबसे प्रमुख कड़ी सड़क होती है, जिसका केराचक्का गांव में अभाव नजर आता है। वह कहते हैं कि केवल केराचक्का गांव ही नहीं बल्कि राज्य के महासमुंद, सारगंढ-बिलाईगढ़ और बलोदा बाजार के कई गांव ऐसे हैं जहां आज भी पक्की सड़कें नहीं होने के कारण ये गांव विकास में बहुत पीछे रह गए हैं। स्थानीय समाजसेवी रामेश्वर प्रसाद कुर्रे कहते हैं कि पथरीली भूमि होने के कारण यहां खेती का विकल्प बहुत सीमित है। लोगों के पास जमीन के छोटे टुकड़े हैं। जिस पर इतनी फसल नहीं उगती कि उससे होने वाले अनाज से वर्ष भर उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। इसलिए जब खेती का समय नहीं होता है तो यहां का अधिकतर परिवार रोजगार के अन्य विकल्प तलाश करने के लिए पलायन कर जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। कुर्रे बताते हैं कि इस गांव का ऐसा कोई घर नहीं होगा जहां महिलाएं या किशोरियां कुपोषण की शिकार न हों। घर की कमजोर आर्थिक स्थिति से सबसे पहले महिलाओं और किशोरियों प्रभावित होती हैं। उन्हें उचित पौष्टिक आहार उपलब्ध नहीं हो पाता है। हालांकि आंगनबाड़ी केंद्र से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में अनाज तो मिल जाता है। लेकिन अन्य महिलाओं को यह उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस संबंध में केराचक्का गांव की सरपंच श्यामबाई चौहान से बात करने का प्रयास किया गया तो पता चला कि पंचायत संबंधी सारे काम उनके पति चन्दराम चौहान करते हैं। चन्दराम चौहान बताते है कि पंचायत में विकास के लिए पैसा ही नहीं आता है। जिसके कारण केराचक्का का विकास बहुत कम हुआ है। ग्राम पंचायत गारडीह में स्थानीय रोजगार और आदिवासी समुदाय के लोगो के पास खेती भी बहुत कम होने के कारण यहां से हर साल अलग अलग जगह पर लगभग 50 प्रतिशत से ज्यादा परिवार मजदूरी के लिए प्रवास कर जाता है। इस गांव से ज्यादातर परिवार ईट भट्टो पर काम करने अलग अलग राज्यों में जाते हैं। मनरेगा के संबंध में चन्दराम कहते हैं कि अभी यहां पर दो महीनों से ज्यादा समय से मनरेगा का काम बंद है जबकि इन्हीं माह मजदूर वापस गांव लौटते हैं। पंचायत की ओर से मनरेगा का काम शुरू करवाने के प्रयास करवाये जा रहे हैं ताकि यहां के जरूरतमंद परिवारों को रोजगार उपलब्ध हो सके। पिछले महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2028-29 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव में सड़कों के विकास के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपए को मंजूरी दी है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने भी 2024-25 के अपने बजट में गांव में सड़कों के सुधार के लिए सत्रह हजार 529 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। यह पिछले वित्त वर्ष से सात हजार करोड़ रुपए अधिक है। इससे राज्य के सभी गांवों की सड़कों की हालत को सुधारने पर जोर दिया जाएगा। गांव में सड़कों की हालत सुधरने से इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने की उम्मीद की जा सकती है। जिससे रोजगार के अवसर खुलने और पलायन को रोकने में मदद मिल सकती है। इससे न केवल केराचक्का बल्कि इसके जैसे अन्य गांवों के विकास को आगे बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

# वर्तमान भारतीय राजनीति की दिशा व दशा

**रमेश धवाला-**

असंख्य बलिदानों से जब देश स्वतंत्र हुआ तो हमारे तत्कालीन समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और राजनीति की समझ रखने वालों तथा शासन तंत्र की सुव्यवस्था के लिए कृतसंकल्प स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुरोधाओं ने बहुत विचार-विमर्श के बाद हमें एक ऐसा संविधान दिया, जो बहुजनहिताय बहुजन सुखाय था। इसे भारत की जनता ने स्वीकार किया और तब से अब तक वही संविधान कदम-कदम पर पारदर्शी शासन चलाने के लिए हमारा मार्गदर्शन कर रहा है। अब प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या हम आज भी इस संविधान की भावना के अनुकूल देश की दशा और दिशा तय कर रहे हैं या नहीं? ऊपरी तौर पर हम यह सोचने के लिए विवश हैं कि सीमाओं को लांघ कर भारतीय राजनीति में जो उद्दंडता, बाहुबल, धनबल आए हैं, इससे साफ सुथरी राजनीति जनता से हर रोज कोसों दूर जा रही है। कुछ विचारकों का तो यह मानना है कि अब भारतीय राजनीति का कुछ धन बल वालों और कुख्यात अपराधियों ने अपहरण कर लिया है! राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिपोर्ट बताती है कि प्रायः सभी बड़े दलों में जघन्य अपराधियों की भरमार है। भारतीय राजनीति में ईमानदार और देश के प्रति सच्ची निष्ठा रखने वाले लोगों के लिए जगह सिकुड़ती जा रही है। परिणाम यह है की आजादी का लाभ जो सबको मिलना चाहिए था, वह कुछ चाटुकार लोगों तक सीमित हो गया है। ये राजनीति के माहिर लोग अपने आसपास ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर लेते हैं कि शासन का प्रत्येक अंग उनका गुलाम बन कर रह जाता है। वस्तुस्थिति तो यही है। प्रभावी सूचना तंत्र अब इतना सशक्त हो गया है कि ये लोग बड़े ही सहज ढंग से मीडिया के दुरुपयोग से रात को भी दिन कहकर भारतीय जनता को भ्रमित कर सकते हैं। सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक दल ऐसे लुभावने नारे दे रहे हैं और रेवडिां बांट रहे हैं कि जनता के बीच काफी लोग मुफ्तखोर हो गए हैं। इसका दुष्परिणाम यह है कि समाज में एक बहुत बड़े तबके में मेहनत करने में रुचि कम हो रही है और वे सरकार की मुफ्त की योजनाओं के लाभ की प्रतीक्षा करते रहते हैं। इस प्रवृत्ति ने राज्यों को आर्थिक दृष्टि से पंगु बना दिया है। सामाजिक सरोकारों की पूर्ति के लिए प्रयत्न हर राज्य को करना चाहिए, किन्तु जनता को निठल्ले बनाने वाले यह लोकलुभावन कार्यक्रम न तो सरकार को अपनाने चाहिए और न ही जनता को इसको प्रोत्साहित करना चाहिए कि लोग बिना काम के ही जिंदगी बसर करने की आदत बना लें। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है जो करोड़ों के कर्ज में न डूबा हो। बिजनेस स्टैण्डर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 2023-24 के अंत में अपने ऋण को उनके संबंधित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 35 प्रतिशत को पार करने का अनुमान लगाया है। बारह राज्य-अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। आर्थिक तंगी से उबरने के लिए राज्यों को व्यावहारिक निर्णय लेने की आवश्यकता है। इसके अलावा हमारे देश की एक ज्वलंत समस्या है देश की बढ़ती हुई आबादी। हमारे देश में हर वर्ष एक ऑस्ट्रेलिया पैदा हो जाता है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो अगले कुछ वर्षों में अनाज तो छोड़ें, पीने को पानी तक नहीं मिलेगा। हर क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन अब चरम सीमा तक पहुंच गया है। जनसंख्या विस्फोट के कारण भारत को संसाधनों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए संसाधनों का तेजी से उपयोग किया जा रहा है और इसकी उपलब्धता में कमी के कारण इनका शोषण हो रहा है। भूमि उपलब्धता और जल संसाधनों के संबंध में भी कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं। भारत में जनसंख्या सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा नजरअंदाज किया जाने वाला मुद्दा है। आज हम संसाधनों की कमी देख रहे हैं और अधिक लोगों को उन संसाधनों की आवश्यकता के कारण हर जगह संघर्ष कर रहे हैं। गरीबी, अशिक्षा, यातायात जाम और भुखमरी जैसी समस्याओं का एक मूल कारण बढ़ती जनसंख्या है। कोई भी राजनीतिक दल इसे अपने एजेंडे के रूप में नहीं रखना चाहता क्योंकि कई समुदाय इस मुद्दे का विरोध करेंगे और यह एक राजनीतिक पार्टी के वोट बैंक को प्रभावित कर सकता है। लेकिन देश हित में आबादी पर नियंत्रण और समान नागरिक संहिता आज इस देश की जरूरत है।



# टेलीविजन से डिजिटल मीडिया में अपने बदलाव पर खुलकर बोलीं अनुष्का सेन

टेलीविजन से डिजिटल मीडिया में अपने बदलाव पर अभिनेत्री अनुष्का सेन ने खुलकर बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि एक टीवी कलाकार और एक डिजिटल निर्माता के रूप में उनको अपने काम में अधिक रचनात्मकता मिलने के साथ स्वतंत्रता मिली है।

हाल ही में न्यूयॉर्क शहर के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर मंच पर लाइव प्रदर्शन करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनकर इतिहास रचने वाली अनुष्का ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि चुनौतियां माध्यम में नहीं हैं, चुनौतियां खुद पर थोपी गई हैं। आप अपनी सीमा तय कर सकते हैं, आप अपनी चुनौतियां तय कर सकते हैं, यही आपको आप बनाता है। एक टीवी कलाकार और एक डिजिटल क्रिएटर होने की सीमाएं टूट गई हैं। हमने अभी बदलाव होते देखा है। अब तक के अपने उल्लेखनीय सफर के बारे में बात करते हुए अनुष्का ने कहा, मैं सभी अवसरों के लिए बहुत आभारी हूं। मैं लगभग 14-15 वर्षों से इंडस्ट्री में हूं। मैंने अपने घर से ज?यादा समय सेट पर बिताया है। मुझे बहुत खुशी होती है कि मैं कुछ ऐसा कर रही हूं, जो मुझे पसंद है। प्रशंसकों ने हमेशा मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है।

उन्होंने कहा, मेरी यात्रा बहुत अलग और अनोखी रही है। मैंने बहुत प्रयोग किए हैं। मैंने टीवी फेस्टिवल, फिल्में और डिजिटल स्टफ में भी हाथ आजमाया है। सिंगिंग एक ऐसा काम है, जो मैंने पहले कभी पेशेवर रूप से नहीं किया है। सिंगिंग को लेकर मैं बेहद ही जुनूनी थी और इस साल मैंने इसे एक पेशे के रूप में बदल दिया। मैंने हमेशा बंगाली संस्कृति के कारण कुछ करने के बारे में सोचा। मेरे रास्ते में आने वाले सभी अवसरों के लिए आभारी हूं। उन्हें शो बालवीर में मेहर और बाल सखी के रूप में देखा गया था। अनुष्का ने खूब लड़ी मर्दानी-झांसी की रानी में मणिकर्णिका का किरदार भी निभाया था।

युवा दिवा ने फियर फैक्टर- खतरों के खिलाड़ी 11 में भी भाग लिया, जिसमें अर्जुन बिजलानी सीजन के विजेता बनकर उभरे। अनुष्का ने क्रेजी कुक्कड़ फैमिली और एम आई नेक्स्ट जैसी फिल्मों में काम किया है। उन्हें पिछली बार वेब सीरीज दिल दोस्ती दुविधा में देखा गया था, जिसमें अनुष्का ने असमारा की भूमिका निभाई थी। यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।



# एक वक्त पर अभिनय छोड़ना चाहती थीं वामिका, अब कई भाषाओं की फिल्मों में करती हैं काम

भारतीय अभिनेत्री वामिका गब्बी, अपना जन्मदिन मना रही हैं। मुख्य रूप से पंजाबी फिल्मों में नजर आने वाली वामिका, हिंदी फिल्मों और सीरीज में भी नजर आती हैं। 29 सितंबर 1993 को चंड़ीगढ़ के एक पंजाबी परिवार में जन्मी अभिनेत्री ने बतौर बाल कलाकार अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने आठ साल की उम्र में ही टीवी पर एक धारावाहिक में नजर आई थीं, जिससे उन्होंने अपने लिए काफी अच्छी लोकप्रियता भी हासिल कर ली थी। इसके बाद वह साल 2007 में रिलीज हुई इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म जब वी मेट में भी नजर आई थीं। वह 2013 में रिलीज हुई फिल्म सिक्सटीन में बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आईं। इसके बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। वह तेलुगु फिल्मों में भी नजर आईं। उन्होंने इस बीच इश्क ब्रांडी, इश्क हाजिर है, भले मांची रोजु, मलाई नेरथु मायक्कम , नाधू खान , दिल दिया गल्लान, परहुना, 83, निक्का जैलदार आदि कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने इस दौरान तमिल फिल्म में भी काम किया। इरावाकालम में वह एसजे सूर्या और शिवदा के साथ नजर आईं।

**अभिनय छोड़ना चाहती थीं वामिका**

अभिनेत्री ओटीटी पर भी काफी काम कर चुकी हैं। की साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म खुफिया, जिसे विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था, नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने उस साल ही अमेजन प्राइम वीडियो की रिलीज हुई सीरीज जुबली में भी नजर आईं। इसके अलावा उनके मॉर्डन लव और मुंबई जैसै प्रोजेक्ट्स भी ओटीटी प्लैटफॉर्म्स पर रिलीज हो चुके हैं। अभिनेत्री एक समय पर अभिनय को छोड़ना चाहती थी, क्योंकि उन्हें लगता था कि वह अभिनय के लिए नहीं बनी हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने अपनी शानदार अभिनय क्षमता से खुद को साबित किया।

**बेबी जॉन में वरुण धवन संग आएंगी नजर**

बात करें वामिका के वर्क फ्रंट की, तो इन दिनों वह कई तमिल, हिंदी और पंजाबी फिल्मों में काम कर रही हैं। उनके पास जीनी नाम की एक तमिल फिल्म है। इसके अलावा वह पंजाबी फिल्म किकली में भी नजर आएंगी। इसके साथ ही बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता वरुण धवन के साथ भी वह फिल्म बेबी जॉन में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म इस साल की क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली है।



# थलपति विजय की 'थलापति 69' की स्टार कास्ट में शामिल हुए बॉबी देओल

हाल ही में फिल्म एनिमल में नकारात्मक भूमिका निभाने के लिए बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने आईफा पुरस्कार जीता है। बॉबी देओल अब आगे भी काम करने के लिए तैयार हैं। वह अब थलापति 69 में नजर आएंगे। बता दें कि थलापति 69 साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है, क्योंकि उन्होंने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कझगम की घोषणा की थी। इस फिल्म के निर्माताओं ने एक्स पर बॉबी के फिल्म में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह यह घोषणा करते हुए वह खुश और उत्साहित हैं कि बॉबी इस थलापति 69 की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। अपने काम से बॉलीवुड में जगह बनाने वाले बॉबी अपने किरदार में एक नया आयाम जोड़ने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इससे पहले थलपति विजय वेंकट प्रभु की 'द गोट' में नजर आए थे। जिसमें उन्होंने दोहरी भूमिकाएं निभाई थीं। एच. विनोथ के निर्देशन में बनी थलापति 69' तमिल, तेलुगु और हिंदी में बड़े पैमाने पर रिलीज के लिए तैयार है।



# क्रिस्टल ने कहा उनके और करण के रिश्ते का कोई लेबल नहीं

अभिनेत्री क्रिस्टल डिसूजा 'विस्फोट' में अभिनय करने के बाद से काफी सुर्खियों में हैं। क्रिस्टल ने लंबे समय तक टीवी में भी अभिनय किया है। वह कई मशहूर टीवी धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में अभिनेत्री से एक हजारों में मेरी बहना है के उनके सह-कलाकार करण टैकर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया। इस पर क्रिस्टल ने खुलकर बात की और कहा कि करण के साथ उनके रिश्ते पर कोई लेबल नहीं था।

इस बातचीती के दौरान क्रिस्टल ने कहा कि वह अब करण से बात नहीं करती हैं, हालांकि वह हमेशा उनके लिए बहुत खास रहेंगे। अभिनेत्री ने कहा, 'ईमानदारी से नहीं पता। हां, हमने सह-कलाकारों, सबसे अच्छे दोस्तों और दो लोगों के रिश्ते को साझा करते हैं, जो कई चीजों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं। क्या यह रिश्ता दुनिया के रिश्ते के हिसाब से था? मुझे नहीं पता।' वहीं, जब अभिनेत्री से पूछा गया कि क्या वह करण को डेट कर रही थीं? तो अभिनेत्री ने कहा, 'हां और नहीं, दोनों। वह हमेशा मेरे लिए बहुत प्रिय रहेंगे। बहुत अच्छी यादें हैं, जिन्हें मैं संजोना और अपने साथ आगे ले जाना चाहूंगी। वह अद्भुत सह-कलाकार और अद्भुत इंसान हैं।' इसी बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि वह लेबल में विश्वास नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी रिश्ता दो लोगों के बीच होता है। अगर इन दो लोगों ने रिश्ते को कोई नाम नहीं देने का फैसला किया है तो आप क्या नाम देंगे? अगर इन दो दोस्तों ने सबसे अच्छे दोस्त बनने का फैसला किया है तो वह लेबल सबके सामने होगा। भले ही वह सबसे अच्छे दोस्त न हों, उन्होंने वह लेबल दिया है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक क्रिस्टल और करण कथित तौर पर बहुत लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। हालांकि, दोनों ने कभी इसे आधिकारिक तौर पर नहीं कबूला।



# आयुष्मती गीता मैट्रिक पास से अपना डेब्यू करेंगे अभिनेता अनुज सैनी

अभिनेता अनुज सैनी, जिन्होंने एक थिएटर एक्टर के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। अपनी डेब्यू बॉलीवुड फिल्म आयुष्मति गीता मैट्रिक पास के साथ अपने अभिनय से शक्तिशाली प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं। महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित यह कहानी दर्शाती है कि कैसे फ़िल्म के मुख्य अभिनेता अपनी पत्नी को शिक्षित करने के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ जाता है। फिल्म का ट्रेलर 28 सितंबर को डीवाई पाटिल इंस्टीट्यूट पुणे में लॉन्च किया गया था। जब से यह सोशल मीडिया पर आया है, इसे अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पहले फ्रेम से ही सैनी अपने बॉय-नेक्सट-डोर रोल में छा गए हैं। उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति के रूप में एक ग्रीन फ्लैग है, जो अपनी पत्नी का अंत तक साथ देते हैं। सैनी ने कहा मैंने अपना पहला गाना प्रदीप खैरवार के साथ किया था। तब से, मैं जो भी प्रोजेक्ट लेता या ऑडिशन देता, मैं उसका क्लिप प्रदीप सर को भेजता ताकि उनसे फीडबैक ले सकूं। जब उन्होंने एक फिल्म बनाने के बारे में सोचा, तो मैं उनके दिमाग में था। उन्होंने मुझे यह फिल्म सुनाई और इस तरह मैं इसमें शामिल हो गया।

उन्होंने खुलासा किया, मैं यूपी की बोली सीखने के लिए बनारस में रहा, वहां के लोगों को देखा, उनके फैशन को अपनाया और फिल्म के किरदार के अनुसार उसमें अपना एक टच जोड़ा। अपनी यात्रा के बारे में बात करते हुए सैनी ने कहा, जब मैं मुंबई आया, तो मैं किसी को नहीं जानता था। मुझे यह पता लगाने में छह महीने लग गए कि ऑडिशन के लिए कहां जाना है। अब तक, मैंने 3000 से ज़्यादा ऑडिशन दिए हैं। मैंने कुछ जीते और कुछ में असफल रहा, लेकिन यह सब सीखने का एक अच्छा प्रोसेस रहा।

इससे पहले सैनी को क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित राजकुमार संतोषी निर्देशित गांधी गोडसे - एक युद्ध में देखा गया था। उन्होंने दिग्गज एक्टर्स पंकज कपूर और रजत कपूर के साथ थिएटर में काम किया है। साथ ही कई पॉपुलर ब्रैंड्स के एडवरटाइजमेंट में भी काम किया है। अनुज ने ब्रांड एंडोर्समेंट में आलिया भट्ट और जान्हवी कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। विज्ञापनों के अलावा, अभिनेता ने कई चार्टबस्टर गानों जैसे वायरल वास्ते, मेरे अंगने में, मैनू दस तू में भी लोगों का दिल जीता है। इस बीच, अनुज सैनी की आयुष्मति गीता मैट्रिक पास निर्देशक प्रदीप खैरवार द्वारा निर्देशित है और यह इस साल 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ताजा खबर 2 को बॉलीवुड के लिए अपना ऑडिशन टेप मानते हैं भुवन

**भुवन बाम की लोकप्रिय वेब सीरीज ताजा खबर का दूसरा सीजन रिलीज हो गया है और इसे दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया भी मिल रही हैं। ताजा खबर का सीजन 1 भी भुवन के फैंस के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था। हालांकि, अब इस सीरीज को भुवन बॉलीवुड के लिए अपना ऑडिशन टेप कहते हैं। इसके अलावा यूट्यूबर अभिनेता का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि ताजा खबर 2 उन्हें बॉलीवुड में आसानी से एंट्री करने में मदद करेगी।**

## सीरीज के लिए कंफर्ट जोन से बाहर आए भुवन

हाल ही में एक साक्षात्कार में भुवन ने कहा, ताजा खबर 2 में मैंने खुद को अपने कंफर्ट जोन से बाहर किया है। खासकर ऐसे सीन्स के साथ, जिनमें मुझे अपना सौ प्रतिशत देना था। इन सीन्स को करने के लिए काफी पावर की जरूरत होती है। इन सीन्स का उद्देश्य सिर्फ किसी को हंसाने या फिर रुलाने का नहीं था। बल्कि, यह दिखाने का था कि मैं सीन में खुद को फिट कर सकता हूं।

## सह-कलाकारों को दिया सफलता का श्रेय

भुवन ने आगे कहा, मैं इस सीरीज को दर्शकों और इंडस्ट्री में खुद को साबित करने के तरीके से देखता हूं। इसके अलावा भुवन ने अपनी सीरीज की सफलता का श्रेय अभिनेता जावेद जाफरी, श्रेया पिलगांवकर और महेश मांजरेकर के साथ अपने सहयोग को देते हैं। अभिनेता का कहना है कि ऐसे उम्दा कलाकारों के साथ काम करना प्रेरणादायक था। ऐसे पल थे, जब उनके प्रदर्शन ने किसी को लेकर मेरे विजन में कुछ नयापन जगाया। मैंने उनकी परफॉर्मेंस को देखकर बहुत कुछ सीखा है।

## बॉलीवुड में एंट्री को लेकर कही यह बात

बॉलीवुड में अपनी एंट्री को लेकर भुवन ने कहा कि एक अभिनेता और निर्माता दोनों के रूप में, वह नए दरवाजे खुलने के इंतजार में हैं। भुवन ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इससे मुझे बॉलीवुड में अधिक आसानी से प्रवेश करने में मदद मिलेगी और यह साबित होगा कि डिजिटल निर्माता भी हिंदी सिनेमा में कामयाब हो सकते हैं।

# बिग बॉस के बाद अब फिल्मों में डेब्यू करेंगी कृतिका मलिक

यूट्यूबर अरमान मलिक की दोनों पत्नियां काफी लाइमलाइट में रहती हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 में हिस्सा लेने के बाद कृतिका के सितारे बुलंदियों पर हैं। अब खबर आ रही है कि कृतिका जल्द ही पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। यह खबर अपने एक नए व्लॉग में पायल मलिक ने दिया है। इसके बार कृतिका कहती हैं कि यह तो सबके लिए सरप्राइज था, आप लोगों को जल्द ही एक बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है। अब देखना है कि कृतिका की इस फिल्म का हीरो कौन होता है।






## सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बोर्ड ने 1 :10 स्टॉक स्प्लिट को दी मंजूरी

**मुंबई , एजेंसी।** सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड जो कि रासायनिक और फार्मास्युटिकल व्यवसाय में अग्रणी नाम है, ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने कंपनी के इक्विटी शेयरों के उप-विभाजन / स्टॉक स्प्लिट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रस्ताव के तहत 1 शेयर को विभाजित कर 10 शेयरों में परिवर्तित किया जाएगा, जो कि शेयरधारकों की मंजूरी और अन्य आवश्यक अनुमोदनों पर निर्भर है। हाल ही में, कंपनी ने एक नई सहायक कंपनी सुदर्शन मेवन फार्मा प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। इस सहायक कंपनी का मुख्य उद्देश्य सभी प्रकार की फार्मास्युटिकल्स, स्वास्थ्य संबंधी, आयुर्वेदिक और आहार अनुपूरक उत्पादों का निर्माण, फॉर्मूलेशन, प्रोसेसिंग, विकास, परिष्करण, आयात और निर्यात करना है, इसके अलावा विविध अन्य उत्पाद भी शामिल हैं। इससे पहले, जुलाई महीने में, कंपनी ने अपने प्रमोटरों को परिवर्तनीय वारंट्स के जारी करके धन जुटाने की मंजूरी दी थी। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड रासायनिक और फार्मास्युटिकल उद्योग में एक प्रमुख नाम बन गया है। इसके प्रमोटर्स, श्री हेमल वी. मेहता और श्री सचिन वी. मेहता, जिनके पास सामूहिक रूप से 25 से अधिक वर्षों का अनुभव है, के नेतृत्व में सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विशेष रसायनों और बल्क ड्रग्स के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी है। उनकी दृष्टि ने कंपनी को एक एकीकृत रासायनिक और फार्मास्युटिकल कंपनी के रूप में विकसित करने में मदद की है और कंपनी को नवाचार और विश्वसनीयता के लिए ख्याति दिलाई है। सुदर्शन फार्मा इंडस्ट्रीज लिमिटेड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जिसमें फार्मास्युटिकल और रासायनिक उद्योग शामिल हैं

## न्युवोको ने पश्चिमी मध्य प्रदेश में ड्यूरागार्ड सबसे खास सरपंच अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया




**भोपाल।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह, ने अपनी प्रमुख ग्रामीण आउटरीच पहल, सबसे खास सरपंच को सफलतापूर्वक संपन्न किया है। ये पहल, पहले से जारी ब्रांड अभियान, सीधी बात है, क्नतंहनंतक (ड्यूरागार्ड) खास है के एक भाग के रूप में पश्चिमी मध्य प्रदेश में संचालित की गई। फाइनल सम्मान समारोह में पश्चिमी मध्य प्रदेश के 150 से अधिक सरपंचों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने अपने गांव के विकास में काफी शानदार विकास कार्य किए। उनके प्रयासों और उनके बेहतरीन योगदान को मान्यता देने के लिए सम्मानित किया गया। यह अनूठा ब्रांड अभियान तीन प्रमुख कार्यक्रमों के माध्यम से सामने आया, जिसमें काफी लोगों तक पहुंचा गया। ये अभियान, जो 4000 से अधिक गांवों तक पहुंचा, इसमें 2500 सरपंचों को शामिल किया और 150 बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। फरवरी 2024 में लॉन्च की गई, सबसे खास सरपंच पहल को क्नतंहनंतक (ड्यूरागार्ड) सीमेंट और ग्रामीण विकास के बीच एक डायरेक्ट ब्रांड कनेक्शन स्थापित करने के लिए डिजाइन किया गया था। सरपंचों को सच्चे नायक के रूप में सम्मानित किया गया, जो अपने समुदायों में महत्वपूर्ण बदलावों का नेतृत्व करते हैं। पूरे पश्चिमी मध्य प्रदेश में अभियान की व्यापक पहुंच ने ब्रांड की विजिबिलिटी, रीकॉल और जागरूकता को बढ़ावा दिया, जिससे क्नतंहनंतक (ड्यूरागार्ड) सीमेंट को गांव के परिवर्तन में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित किया गया।

# ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच कच्चा तेल उछला

### मंगलवार को कीमत में चार फीसदी तेजी आई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान और इजरायल के बीच युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें दागी हैं। इससे कच्चे तेल की कीमत में करीब चार फीसदी तेजी आई। ब्रेंट क्रूड 3.5 प्रतिशत बढ़कर 74.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 2.54 डॉलर या 3.7 प्रतिशत बढ़कर 70.7 डॉलर पर पहुंच गया। बुधवार को भी शुरुआती कारोबार में इसमें तेजी दिख रही है। ब्रेंट 1.31 फीसदी यानी 96 सेंट की तेजी के साथ 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि डब्ल्यूटीआई में 1.5 फीसदी यानी करीब एक डॉलर की तेजी आई है। मध्य एशिया में तनाव बढ़ता है तो इससे कच्चे तेल की कीमत और ऊपर जा सकती है।

कच्चे तेल की कीमत में अचानक आई उछाल से भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कटौती की संभावना कम हो गई है। माना जा रहा था कि हरियाणा विधानसभा चुनावों से पहले सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमत में कटौती की घोषणा कर सकती है। हरियाणा में 5 सितंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल के दिनों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मार्जिन सुधरा है। इकरा की एक रिपोर्ट के मुताबिक इन कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 15 रुपये और डीजल पर 12 रुपये का प्रॉफिट हो रहा है। लेकिन कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से उनके मार्जिन पर असर होगा।

### कितनी है पेट्रोल-डीजल की कीमत

देश में 90 प्रतिशत मार्केट पर सरकारी तेल कंपनियों का कब्जा है। इनमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। इस साल आम चुनाव से ठीक पहले 14 मार्च को सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी। इसके बावजूद देश के कई शहरों में अभी पेट्रोल की कीमत 100 रुपये से अधिक है जबकि डीजल 90 रुपये के आसपास है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है। देश अपनी जरूरत का 87 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है।

## जीएसटी कलेक्शन की रफ्तार 3 साल में सबसे कम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर में जीएसटी कलेक्शन 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1,73,240 करोड़ रुपये रहा। बीते महीने जीएसटी कलेक्शन की बढ़ोतरी की रफ्तार तीन साल में सबसे कम रही। इस बार इसमें सुस्ती की सबसे बड़ी वजह घरेलू स्रोत रहे क्योंकि आयात सहित इंटिग्रेटेड जीएसटी में सितंबर में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सेंट्रल जीएसटी कलेक्शन 5.4 प्रतिशत बढ़कर 31,422 करोड़ रुपये रहा जबकि स्टेट जीएसटी कलेक्शन में 4.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कलेक्शन ग्रोथ में सुस्ती की एक वजह देश के कई हिस्सों में आई बाढ़ हो सकती है।

मजबूत मॉनसून ने कई राज्यों में सामान्य जीवन को प्रभावित किया। उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश में 4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। राज्य में कई जिले बाढ़ की चपेट में रहे। इसी तरह गुजरात में जीएसटी कलेक्शन में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर ने जीएसटी कलेक्शन में 33 प्रतिशत गिरावट देखने को मिली। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और नागालैंड भी घाटे में रहे। इसके उलट हरियाणा ( 24 प्रतिशत ) और दिल्ली ( 20 प्रतिशत ) विकास चार्ट में सबसे ऊपर रहे।

### क्या कहते हैं जानकार

हालांकि टैक्स के जानकार और इंडस्ट्री सामान्य मॉनसून के कारण अच्छी त्योहारी बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। डेलोइट के पार्टनर एमएस मणि ने कहा ने कहा कि सितंबर के लिए जीएसटी रेवेन्यू थोड़ा निराशाजनक हो सकता है। ये संग्रह अगस्त में आपूर्ति से संबंधित हैं क्योंकि इस महीने त्योहारी सीजन की शुरुआत होती है। इस कारण परिणामस्वरूप रेवेन्यू में वृद्धि होती है। त्योहारी सीजन के आने वाले महीनों के लिए जीएसटी कलेक्शन पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी क्योंकि वे आर्थिक विकास का भी एक संकेत हैं। कई बड़े राज्यों में जीएसटी रेवेन्यू एकल अंक की बढ़ोतरी हुई है और उम्मीद है कि आने वाले महीनों में ठीक हो जाएगी।

## हिट हो गई सरकार की एनपीएस वात्सल्य स्कीम, दो हफ्ते में ही खुल गए बच्चों के 33 हजार खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एनपीएस वात्सल्य लॉन्च होने के दूसरे हफ्ते में इसे लगभग 33 हजार बच्चों के लिए सब्सक्राइब किया गया है। इनमें 60 प्रतिशत से अधिक खाते ऑनलाइन खोले गए हैं। एनपीएस वात्सल्य की घोषणा आम बजट में की गई थी और फाइनैंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने 18 सितंबर को इस स्कीम की शुरुआत की थी। इसके तहत पैरेंट्स अपने 18 साल तक के बच्चों के नाम से पेंशन अकाउंट खोलकर उसमें न्यूनतम 1,000 रुपये सालाना से निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। 18 सितंबर को इस स्कीम को करीब 9,700 बच्चों के लिए सब्सक्राइब किया गया था।

एनपीएस वात्सल्य को पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी मैनेज कर रही है। एक अधिकारी ने बताया, '24 सितंबर तक 27000 बच्चों के लिए खाते खोले गए थे। 29 सितंबर तक इनकी संख्या बढ़कर 32964 हो गई। इनमें 61 प्रतिशत से ज्यादा यानी 20304 अकाउंट ई-एनपीएस के जरिए खोले गए। अधिकारी ने कहा कि लॉन्ग टर्म सेविंग्स




और फाइनैंशल सिक्योरिटी के लिहाज से यह उपयोगी स्कीम है। लोगों को 1000 रुपये की शुरुआती रकम देते हुए यह स्कीम बच्चों को गिफ्ट में देनी चाहिए।

### कम से कम निवेश


एनपीएस वात्सल्य का खाता खुलने के बाद इसमें सालाना कम से कम 1,000 रुपये निवेश करना होगा। खाता खोलने के लिए बच्चे की जन्म तिथि का प्रमाण पत्र देना होता है। मां-बाप या अभिभावक में से जो भी बच्चे के नाम पर अकाउंट खोलेंगे, उनका केवायसी कराना होता है। बच्चे की 18 साल की उम्र पूरी होने पर उसके नाम से नया केवायसी कराते हुए उसके अकाउंट को एनपीएस टियर-1 में कन्वर्ट किया जा सकता है। इसके बाद इस अकाउंट पर एनपीएस टियर-1 के ही नियम लागू होंगे और उसी तरह के फायदे मिलेंगे। खाताधारक के 60 साल का होने पर इस खाते से पेंशन मिलेगी।

## भारत में वैश्विक निवेशकों के लिए अपार अवसर, अमेरिका यात्रा पर बोले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका की यात्रा पर हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान गोयल भारत और अमेरिका के बीच मजबूत व्यापारिक और निवेश संबंधों को बल देने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हुए। 30 सितंबर से शुरू हुई पीयूष गोयल की अमेरिका यात्रा 3 अक्तूबर को समाप्त होगी। दो अक्तूबर को केंद्रीय मंत्री ने अमेरिका-भारत रणनीतिक भागीदारी फोरम के सीईओ के साथ राउंडटेबल मीटिंग को संबोधित किया। इस दौरान गोयल ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, संपन्न विनिर्माण क्षेत्र और व्यापार करने में आसानी पर जोर देते हुए वैश्विक निवेशकों के लिए अपार अवसरों पर प्रकाश डाला। गोयल ने अमेरिकी व्यवसायों को भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने, मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया। अलग-अलग बैठकों में गोयल ने विभिन्न क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर चर्चा करने के लिए प्रमुख वैश्विक फर्मों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक के बाद गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमने खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, बुनियादी ढाँचा, नवीकरणीय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने और विविधता लाने के लिए संभावित सहयोग पर चर्चा की ।

## जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने भारत में ऑनलाइन मोटरसाइकिल खरीदारी को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी की

**पुणे एजेंसी।** जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी जावा येजडी को फ्लिपकार्ट के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करने वाली पहली प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता बनाती है, जिसका लक्ष्य देश भर में उत्साही लोगों के हाई-एंड मोटरसाइकिलों तक पहुंचने और उन्हें खरीदने के तरीके में सुधार करना है। यह सहयोग जावा येजडी मोटरसाइकिल्स की डिजिटल रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इसकी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज की पहुंच बढ़ाने




के लिए डिज़ाइन किया गया है। 500 मिलियन से अधिक यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, जावा येजडी मोटरसाइकिलें ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेंगी।

## लाखों युवाओं को हर महीने 5000 देगी मोदी सरकार, इच्छुक उम्मीदवार 12 अक्टूबर से पोर्टल पर करें आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 3 अक्टूबर को एक केंद्रीकृत पोर्टल लॉन्च कर सकती है, जिससे कंपनियां इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित कर सकेंगी। इच्छुक उम्मीदवार 12 अक्टूबर से इस पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इस योजना की घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के केंद्रीय बजट में की थी।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को वास्तविक कार्य अनुभव और कौशल प्रदान करना है, ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़ सके। यह योजना 2024-25 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा घोषित की गई थी। इस योजना के तहत, भारत की 500 सबसे बड़ी कंपनियां अपने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी फंड के माध्यम से युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगी।



आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर जैसे प्रमुख संस्थानों से स्नातक या चार्टर्ड अकाउंटेंट और प्रमाणित प्रबंधन अकाउंटेंट इस योजना के तहत आवेदन करने के योग्य नहीं होंगे। दिशानिर्देशों के अनुसार, 12 महीने की इंटर्नशिप का कम से कम 50 प्रतिशत हिस्सा वास्तविक कार्य अनुभव पर केंद्रित होगा, कक्षा-आधारित प्रशिक्षण पर नहीं। यदि कोई कंपनी सभी प्रशिक्षुओं को समायोजित करने में सक्षम नहीं है, तो वह सहयोगी कंपनियों या आपूर्ति श्रृंखला भागीदारों के साथ समन्वय कर सकती है।

प्रत्येक इंटर्न को 25,000 रुपये का मासिक वजीफा दिया जाएगा, जिसमें 24,500 रुपये सरकार द्वारा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे और 500 रुपये कंपनियों द्वारा उनके सीएसआर फंड से दिए जाएंगे। कंपनियां यदि चाहें तो इंटर्न को 5,000 रुपये से अधिक का भुगतान भी कर सकती हैं। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। पहले दो वर्षों में 3 मिलियन युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि अगले तीन वर्षों में 7 मिलियन युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस योजना से कम रोजगार क्षमता वाले युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें कुशल बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव के माध्यम से भविष्य के लिए बेहतर तैयार किया जा सकेगा।

## बेसिक होम लोन ने बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेन्ट्स के नेतृत्व में सीरीज़ बी फंडिंग में 10.6 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई

**दिल्ली/ बैंगलोर/ मुंबई/ चेन्नई , एजेंसी।** मॉर्गेज वितरण के लिए फिनटेक प्लेटफॉर्म बेसिक होम लोन ने सीरीज़ बी फंडिंग राउण्ड में 10.6 मिलियन डॉलर (रु 87.5 करोड़) की राशि जुटाई है। इस निवेश का नेतृत्व जर्मन कंपनी बर्टेल्समैन एसई एण्ड जेजीएए की निवेश शाखा बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेन्ट के नेतृत्व में किया गया। इस निवेश में जाने-माने विश्वस्तरीय विविध कारोबार क्रेसेंट एंटरप्राइज़ेज़ जिनका मुख्यालय यूएई में है, के वेंचर कैपिटल प्लेटफॉर्म सीई-वेंचर्स का भी योगदान रहा।

मौजूदा निवेशक आशीष कचोलिया (प्रतिष्ठित इक्विटी निवेशक) ने भी आगे निवेश कर बेसिक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इस राउण्ड में मौजूदा निवेशकों, जैसे गृहास, लैट्स वेंचर, 9 यूनिकॉर्न्स और वेंचर्स कैटेलिस्ट्स भी शामिल रहे। डेक्सटर कैपिटल ने इस राउण्ड के लिए बेसिक के




एक्सक्लुज़िव अडवाइज़र की भूमिका निभाई।

बेसिक होम लोन ने इस नई जुटाई गई राशि से बाज़ार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने, अपने ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने तथा तकनीकी क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई है। फिनटेक स्टार्टअप का मुख्यालय गुरूग्राम में है, जो पहले तीन राउण्ड की फंडिंग में 8.7 मिलियन डॉलर की राशि जुटा चुका है।

अपनी शुरूआत के बाद से बेसिक ने 650 से अधिक ज़िलों में तकरीबन 2.5 लाख से अधिक परिवारों को अपना खुद का घर खरीदने में मदद की है साथ ही टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में 15000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोज़गार भी दिया है। अब तक बेसिक को 12 बिलियन डॉलर से अधिक के लोन एप्लीकेशन मिले हैं और कंपनी अपने ऋणदाता नेटवर्क के ज़रिए 1.1 बिलियन डॉलर के होम लोन वितरित कर चुकी है। 'हमें खुशी है कि भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए घर खरीदने का सपना साकार करने की हमारी यात्रा में बर्टेल्समैन हमारे निवेशक बन गए हैं।'' अतुल मोंगा, सीईओ एवं सह-संस्थापक, बेसिक होम लोन ने कहा। ''फंडिंग के इस नए राउण्ड के साथ हम अपनी पहुंच और तकनीकी क्षमता बढ़ाना चाहते हैं, साथ ही उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए फाइनैंशियल प्रोडक्ट्स पेश करना चाहते हैं। आने वाले समय में हम अपने रिस्क-शेयरिंग एफएलडीजी (फर्स्टलॉस डिफॉल्ट गारंटी) बिज़नेस का विस्तार करेंगे, जो बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने और भारत के हाउसिंग सिस्टम के लिए आधुनिक समाधान लाने में मुख्य भूमिका निभाएगा।

## आने वाला है आईपीओ का सैलाब! 1 दिन में 13 कंपनियों ने सेबी को दिए आवेदन


**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप भी आईपीओ से कमाई करते हैं तो ये खबर आपके काम की साबित हो सकती है। भारतीय शेयर बाजार में इन दिनों आईपीओ के जरिए फंड जुटाने की होड़ मची हुई है। भारत का आईपीओ बाजार तेजी से उभर रहा है। आए दिन मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास कंपनियों के आवेदन आ रहे हैं। सोमवार को 13 कंपनियों ने सेबी के सामने आईपीओ के लिए अपने दस्तावेज जमा किए हैं। अगर सेबी इन आवेदनों को मंजूरी दे देती है, तो ये कंपनियां करीब 8,000 करोड़ रुपए जुटाने में कामयाब हो सकती हैं।

ये कंपनियां अलग-अलग सेक्टर से जुड़ी हैं, जिनमें से कई नए शेयर जारी करने के साथ-साथ अपने मौजूदा शेयरों की बिक्री का भी




प्रस्ताव लेकर आ रही हैं। इनमें प्रमुख कंपनियां जैसे विक्रम सोलर, आदित्य इंफोटेक और वरिंदरा कंस्ट्रक्शन शामिल हैं। इसके अलावा अजाक्स इंजीनियरिंग, राही इंफ्राटेक, विक्रान इंजीनियरिंग, मिडवेस्ट, विनी कॉरपोरेशन, सम्भव स्टील ट्यूब्स, जारो इंस्टिट्यूट, ऑल टाइम प्लास्टिक्स और स्कोडा ट्यूब्स भी दस्तावेज दाखिल करने वाली कंपनियों में शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रवृत्ति भारतीय बाजार में बढ़ते निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। इस साल अब तक 62 कंपनियां अपने आईपीओ के जरिए 64,000 करोड़ रुपए जुटा चुकी हैं, जो कि पिछले साल के मुकाबले 29 प्रतिशत अधिक है।

## सुमित नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर



**शंघाई (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

## मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूँ क्योंकि : स्टीव स्मिथ



**मुंबई (एजेंसी)।** शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया कि भारत के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा मैदान पर उन्हें परेशान करते हैं क्योंकि वह एक अच्छे खिलाड़ी हैं और हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के करीब आते ही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने अपने विचार साझा कर रहे है कि उन्हें टीम इंडिया में कौन सबसे ज्यादा परेशान करने वाला या मजेदार लगता है।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्मिथ ने कहा, मैं मैदान पर जडेजा से परेशान हो जाता हूं, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। वह हमेशा लड़ाई में शामिल होने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लेते हैं, चाहे वह रन बनाना हो, विकेट लेना हो या शानदार कैच लेना हो। यह कभी-कभी थोड़ा परेशान करने वाला हो सकता है, लेकिन वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं।


## टिम साउथी ने दिया इस्तीफा, भारत दौरे पर टॉम लाथम को न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की कप्तानी

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी ने न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है और विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लाथम भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान टीम की कमान संभालेंगे। यह फैसला गॉल में श्रीलंका के खिलाफ कीवी टीम की 2-0 की हार के बाद आया है जिसमें से एक मैच में पारी और 154 रनों के बड़े अंतर से हार भी मिली। आईसीसी के अनुसार साउथी न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम के प्रभारी हैं। जब से केन विलियमसन ने 2022 के अंत में पद छोड़ा है, उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में से छह में जीत और दो ड्रॉ के साथ टीम की कप्तानी की है। 35 वर्षीय ने कहा कि पद छोड़ने का फैसला टीम के सर्वोत्तम हित में था और वह नए कप्तान के रूप में लाथम का समर्थन करेंगे। आईसीसी के हवाले से साउथी ने कहा, %मेरे लिए बहुत खास फॉर्मेट में ब्लैक कैप्स की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है।



# भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्व कप, 24 देश लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी। खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है।



विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है। भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

यह टूर्नामेंट सिर्फ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है। इस टूर्नामेंट में एक हफ्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे।

इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है, जो खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# बुमराह फिर नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने

### इस दिग्गज को मात्र एक अंक से पछाड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज के रूप में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया जबकि युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल तीसरे स्थान पर पहुंच गए। आईसीसी के अनुसार कानपुर में बांग्लादेश पर भारत की हाल ही में 7 विकेट की जीत के दौरान मैच में छह विकेट लेने के बाद बुमराह ने टीम के साथी रविचंद्रन अश्विन को मात्र एक अंक से पीछे छोड़ दिया और दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। इस जीत में प्रति पारी तीन विकेट शामिल हैं।



अश्विन ने उस मैच के दौरान 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन (चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन (पांच स्थान ऊपर 28वें स्थान पर) ने रैंकिंग सुधार किया। श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त की क्योंकि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 विकेट लेकर सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए, लेकिन इस सप्ताह की रैंकिंग अपडेट भारत के नाम है जिसने बांग्लादेश पर सीरीज में जीत दर्ज की, जिससे वे अगले साल होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की दौड़ में शामिल हो गए हैं।

बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। ??उन्होंने इस मुकाबले में 72 और 51 रन बनाए। इसका मतलब यह है कि टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में जायसवाल से आगे केवल इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन हैं, जबकि टीम के साथी विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ 47 और 29* रन की पारी खेलने के बाद छह स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंचने के बाद शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

फॉर्म में चल रहे श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंडू मेंडिस भी आगे बढ़ने वाले एक अन्य खिलाड़ी हैं, 26 वर्षीय खिलाड़ी पांच स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं और न्यूजीलैंड के साथ अपनी टीम की हालिया सीरीज के दूसरे टेस्ट में एक और शतक बनाने के बाद अपने करियर की नई रेटिंग पर पहुंच गए हैं। हमवतन दिनेश चांदीमल (छह स्थान के सुधार के साथ 20वें स्थान पर) और एंजेलो मैथ्यूज (चार स्थान के सुधार के साथ 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं, जबकि बांग्लादेश के मेहदी हसन (दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर) टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में बड़े बदलाव करने वाले हैं क्योंकि भारत के रवींद्र जडेजा ने शीर्ष पर अपनी स्वस्थ बढ़त बनाए रखी है।

नई व्हाइट-बॉल रैंकिंग में भी कुछ बदलाव हुए हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ अपनी टीम की श्रृंखला पूरी होने के बाद एक स्थान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की सूची में 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोड़ीदार हैरी ब्रूक (73 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर) और बेन डकेट (30 स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान पर) बल्लेबाजों की सूची में अपने करियर की नई उच्च रेटिंग पर पहुंच गए हैं, जबकि टीम के साथी आदिल राशिद (चार स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) और जोफ्रा आर्चर (16 स्थान ऊपर चढ़कर 40वें स्थान पर) वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़े सुधार वाले खिलाड़ी रहे हैं।

ईरानी कप

# भारतीय टीम से लौटे सरफराज खान ने ठोका शतक, लगाए 14 चौके



**मुंबई (एजेंसी)।** सरफराज खान ने ईरानी कप में मुंबई की टीम में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2 अक्टूबर बुधवार को शेष भारत के खिलाफ अपना 15वां प्रथम श्रेणी शतक बनाया। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन लंच से पहले सरफराज ने 150 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

मुंबई के इस बल्लेबाज को हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। ईरानी कप में खेल शुरू होने से पहले उन्हें टीम से रिलीज कर दिया गया था। सरफराज ने बांग्लादेश के खिलाफ किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि केएल राहुल उनसे आगे थे। सरफराज पहले दिन मुंबई के 4 विकेट पर 139 रन पर बल्लेबाजी करने आए थे। इसके बाद उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन के लिए मैच को संभाला।

रहाणे और सरफराज ने पहले दिन के अंत तक 98 रन जोड़े और सुनिश्चित किया कि मुंबई 4 विकेट पर 237 रन बनाए। दूसरे दिन दोनों ने 43 रन और जोड़े, लेकिन रहाणे 97 रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर आउट हो गए और शतक से चूक गए। इसके बाद सरफराज के साथ शम्स मुलानी क्रीज पर आए, लेकिन वह ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए और मुकेश कुमार ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इसका मतलब था कि सरफराज को अब चीजों को संभालना था और खुलकर रन बनाने थे। उनके साथ तनुश कोटियन आए और दोनों ने 58 रन बनाए और मुंबई को लखनऊ में लंच तक 6 विकेट पर 338 रन तक पहुंचाया।

पिछले ओवर में करीबी मुकाबले से बचने के बाद सरफराज ने 92वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। मुंबई के बल्लेबाज ने लंच तक 155 गेंदों पर 103 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें उनके नाम 14 चौके शामिल थे।

# जायसवाल और सिराज ने जीता 'फील्डर ऑफ द सीरीज' मेडल

**कानपुर (एजेंसी)।** बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज कानपुर में दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर भारत की जीत के बाद संयुक्त रूप से प्रतिष्ठित 'फील्डर ऑफ द सीरीज' पदक के विजेता बने। भारत के आक्रामक क्रिकेट और परिणाम देने की इच्छाशक्ति ने कुछ शानदार शॉट्स, तेज गेंदबाजी और शानदार डाइविंग, एक हाथ से कैच लपके जिससे मेन



इन ब्लू ने सोमवार को कानपुर में बांग्लादेश पर 7 विकेट की जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में अपना वर्चस्व बनाए रखा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में फील्डिंग कोच टी दिलीप ने टीम के 'खेल बदलने वाले क्षणों' में बदलने के इरादे की सराहना की, चाहे वे किसी भी मौसम की स्थिति से निपटें। दिलीप ने कहा, चाहे चेन्नई में नमी हो या कानपुर में चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति, एक बात सामान्य थी, उन आधे मौकों को खेल बदलने वाले क्षणों में बदलने का इरादा। यह बहुत स्पष्ट था। हमारे स्लिप कैच और क्लोजिंग कैच का विशेष उल्लेख। ऐसी परिस्थितियों में जहां प्रतिबिंब और एकाग्रता का परीक्षण किया गया था, हमने बिल्कुल शानदार प्रदर्शन किया।% फील्डिंग कोच ने पदक के दावेदारों के रूप में जायसवाल को सिराज चुना और दोनों ने एक दूसरे को मेडल पहनाए।

गौर हो कि दो दिन मैच नहीं खेला गया लेकिन भारत द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने पर बांग्लादेश ने चौथे दिन अपनी पारी फिर से शुरू की। मोमिमुल हक (194 गेंदों में 107 रन, 17 चौकों और एक छक्का) ने शतक लगाया जिससे बांग्लादेश 233 रन तक पहुंचा। जसप्रीत बुमराह ने तीन, जबकि सिराज, रविचंद्रन अश्विन और आकाश दीप ने दो-दो विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

रन बनाने की अथक भूख के साथ भारत ने 285/9 के स्कोर पर पारी घोषित की। यशस्वी जायसवाल (51 गेंदों में 72, 12 चौकों और दो छक्के) और केएल राहुल (43 गेंदों में 68, सात चौकों और दो छक्के) ने तेज अर्धशतक लगाए, जबकि रोहित (23), विराट कोहली (47) और शुभमन गिल (39) ने भी तेज पारी खेली।

# पीएम नरेंद्र मोदी से मिले दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल ने जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस की भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बुधवार को इंस्टाग्राम पर गेल ने होलनेस की यात्रा के दौरान पीएम मोदी और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों से हाथ मिलाते और उनसे मुलाकात करते हुए वीडियो और तस्वीरें पोस्ट कीं।



गेल ने ट्वीट किया, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। जमैका टू इंडिया वनलव। जमैका के प्रधानमंत्री 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है। जमैका के प्रधानमंत्री ने मंगलवार एक अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और द्विपक्षीय बैठक की। द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं, जो उनके साझा औपनिवेशिक अतीत, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के मूल्यों और क्रिकेट के प्रति जुनून में परिलक्षित होते हैं। गेल जमैका और पूरे कैरिबियन से भारत में खेल के सबसे बड़े एम्बेस्डरों में से एक हैं। 1999-2021 के बीच 42 शतक और 105 अर्द्धशतक के साथ खेल में निरंतरता और बदलते समय के साथ अनुकूलन करने की क्षमता ने गेल को लोकप्रिय बनाया। अपने करियर के दूसरे भाग में गेल मुख्य रूप से अपने टी20 कारनामों के लिए प्रसिद्ध हो गए जिसमें उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से 14,562 रन के साथ प्रारूप के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए, जिसमें 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक शामिल थे। उनके पास टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 175* भी है।

## बाबर आजम ने पाकिस्तान टीम की कप्तानी छोड़ी, इस प्लेयर को मिल सकती है जिम्मेदारी

**कराची (एजेंसी)।** बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौंपें जाने की संभावना है। बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नहीं बताया कि उन्होंने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे में कब सूचित किया था। इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि वह अब अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगाना चाहते हैं। बाबर ने कहा, 'मैं आज आपके साथ कुछ समाचार साझा कर रहा हूं। मैंने पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को इस बारे में अवगत करा दिया था और इसे तभी से प्रभावी माना जाएगा।



उन्होंने कहा, 'इस टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़कर अपनी मुख्य भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं। बाबर ने पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ दी थी लेकिन इस साल मार्च में उन्हें फिर से सीमित ओवरों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था।

महिला टी-20 वर्ल्ड कप

# भारत ने गेंदबाजी के दम पर जीता वार्म अप मैच, द. अफ्रीका को हराया

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 की राह में दक्षिण अफ्रीका को वार्मअप मैच में हरा दिया है। दुबई की आईसीसी अकादमी ग्राऊंड में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने खराब शुरूआत के बावजूद ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा की उत्कृष्ट पारियों की बदौलत 7 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने जैसे ही ओपनर्स को गंवाया, टीम रन रेट का पीछे करने से पिछड़ गई। अंत में एनेरी डर्कसन 21 रन बनाकर नाबाद रही लेकिन तब तक ओवर पूरी हो चुके थे। इस तरह दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हार झेलनी पड़ी।

### भारतीय महिला : 144/7 (20 ओवर)

भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। शैफाली वर्मा 0 पर ही आऊट हो गई। इसके बाद स्मृति मंधाना ने 22 गेंदों पर 21 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 11 गेंदों पर 10 रन बनाए। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्ज ने एक छोर संभाल लिया। उन्हें ऋचा घोष का बाखूबी साथ मिला। जेमिमा ने 26 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 30 रन बनाए। इसके बाद ऋचा का साथ दीप्ति शर्मा ने दिया। ऋचा जहां 25 गेंदों पर दो चौके और 2 छक्कों की मददसे 36 रन बनाए। इसके बाद दीप्ति ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाकर स्कोर 144 तक पहुंचा दिया। साऊथ अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका ने 25 रन देकर 5 विकेट लीं।

### भारतीय दक्षिण अफ्रीका : 116/6 (20 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका ने 145 रन का लक्ष्य मिलते ही लॉरा और तजमीन ब्रिट्ज की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। कप्तान लॉरा ने 26 गेंदों पर 29 रन तो ब्रिट्ज ने 25 गेंदों पर 4 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने अनीका 3 और सुन लुस 3 का जल्द विकेट गंवा दिया। मध्यक्रम में चोल ने एक छोर संभाला लेकिन उन्हें दूसरे छोर से खास सहारा नहीं मिला। वह 20 गेंदों पर 24 रन बनाकर आऊट हो गई। इसके बाद एनेरी डर्कसन ने 16 गेंदों पर 21 रन जरूर बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। दक्षिण अफ्रीका 116 रन ही बना पाई और 28 रन से वार्मअप मुकाबला गंवा दिया।



### दोनों देशों की टीमें

**भारतीय महिला** - स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दयालन हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (डब्ल्यू), यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, एस सजना, अरुंधति रेड्डी, आशा शोभना, राधा यादव, रेणुका ठाकुर सिंह, श्रेयंका पाटिल

**दक्षिण अफ्रीका महिला** - एनेके बॉश, लौरा वोल्वार्ड्ट, ताज़मिन ब्रिट्स, मिके डी रिडर, सिनालो जाफ्ता (विकेटकीपर), मारिज़ैन कप्प, क्लो ट्राईटन, एनेरी डर्कसन, नादिन डी क्लार्क, सुने लुस (कप्तान), अयाबोंगा खाका, अयंदा ह्लुबी, सेशनी नायडू, तुमी सेखुखुने, नॉनकुलुलेको म्लाबा

## संक्षिप्त समाचार

### पैसों का लेन-देन ही नहीं तो ईडी कैसे कर सकती है जांचः सिद्धरमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया एमयूडीए स्कैम को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। इस बीच उन्होंने मंगलवार को विवाद पर अपना रुख कड़ा करते हुए कहा है कि मैसूर में उनकी पत्नी पार्वती को उनकी जमीन के बदले में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने सवाल उठाए हैं कि अगर पैसों का कोई लेन देन नहीं हुआ है कि यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला कैसे बन सकता है और प्रवर्तन निदेशालय इसकी जांच कैसे कर सकती है। सीएम ने कहा है कि ईडी द्वारा मामले की जांच करने की कोई गुंजाइश नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा है कि एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी के 3.16 एकड़ जमीन के बदले सिर्फ कंपनसेटरी जमीन दी गई थी। मुख्यमंत्री ने बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, मेरी राय में अधिग्रहित जमीन के बदले में दिए गए प्लॉट मनी लॉन्ड्रिंग के तहत नहीं आते हैं।


### कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी 14' का शानदार समापन हुआ

**मुंबई, एजेंसी।** दर्शकों को कुछ अभूतपूर्व स्टंट्स के उल्लेखनीय रोलरकोस्टर राइड पर घुमाने के बाद, कलर्स के 'खतरों के खिलाड़ी' ने करण वीर मेहरा को इस सीज़न के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ताज़ पहनाया। रोमांच के तूफान के बीच, करण वीर मेहरा ने मानवीय क्षमता की सीमाओं से बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि कृष्णा श्रॉफ और गश्मीर महाजनी ने क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप की पोजिशन हासिल की। अपराजित सफलता के एक्शन से भरपूर सफर को जारी रखते हुए, भारत के पसंदीदा स्टंट-आधारित रियलिटी शो ने एक बिल्कुल नया ट्विस्ट लेते हुए अपने 14वें सीज़न के सफर में यूरोपीय स्वर्ग, रोमानिया पहुंचा। इस खूबसूरत देश में शो का डेब्यू करके, डर के बैटलग्राउंड ने स्क्रिप्ट को पलटते हुए, ड्रीम डेस्टिनेशन को स्केयर-केशन में बदला दिया जिसने दर्शकों को नौ सप्ताह तक अपनी स्क्रीन से चिपकाए रखा। ऊंचाई से छलांग लगाने से लेकर पानी के अंदर संघर्ष करने तक, हर तरह के परिवहन साधन का इस्तेमाल डर के वाहन के रूप में किया गया, और प्रतियोगियों का पहली बार भालू से आमना-सामना हुआ। ब्लॉकबस्टर निर्देशकऔर लोकप्रिय टीवी होस्ट रोहित शेट्टी की मेज़बानी में, हुंडई की प्रस्तुति, पावर्ड बाय चार्ज्ड, स्पेशल पार्टनर्स इंडिका इजी हेयर कलर, विक्स एंड बर्जर पेंट्स, शो का 14वां सीज़न एक शानदार एक्शन के बाद समाप्त हो गया।

### मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल के वर्ल्ड हार्ट डे मैराथन ने दिल की अच्छी सेहत की मुहिम को प्रोत्साहन दिया

**अहमदाबाद एजेंसी।** भारत में कार्डियक साइंसेज के सबसे बड़े और सबसे अनुभवी सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने 29 सितंबर, 2024 को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में बड़े स्तर पर मैराथन का आयोजन किया। दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा अंगदान के नेक कार्य में सहयोग देने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मैराथन की तीन श्रेणियों – यानी 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की मैराथन दौड़ में 2,000 से अधिक लोग बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। समुदाय को दिल की सेहत की परवाह करते हुए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करना ही इस पहल का उद्देश्य था, ताकि सभी लोग दिल का ख्याल रखने के साझा लक्ष्य के साथ एकजुट हो सकें। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते समय गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले मैराथन धावक श्री जगत करणी के साथ-साथ सुश्री नीता देसाई, आईपीएस, ट्रैफिक, अहमदाबाद, तथा श्री नीरव बारोट, पुलिस इंस्पेक्टर, अहमदाबाद भी उपस्थित थे। उनकी मौजूदगी ने इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने के साथ-साथ दिल की सेहत के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा समुदाय को शारीरिक तंदुरुस्ती से जुड़ने के लिए प्रेरित करने की सभी की सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने बड़े उत्साह के साथ विश्व हृदय दिवस के मौके पर आयोजित अपनी पहली मैराथन के सफल समापन की घोषणा की।

# लोकतंत्र या नोट तंत्र, पंजाब में सरपंच पद की 2 करोड़ में नीलामी; चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट




**चंडीगढ़, एजेंसी।**
पंजाब में ग्राम पंचायत चुनाव होने हैं। इस बीच, गुरदासपुर जिले के एक गांव में सरपंच पद के लिए हुई नीलामी में 2 करोड़ रुपए की बोली लगी है। इसकी खबर मिलते ही राज्य चुनाव आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है। आयोग ने लोकतांत्रिक मानदंडों का उल्लंघन करने वाली ऐसी नीलामी पर राज्य के सभी जिलाधिकारी-सह-जिला चुनाव अधिकारियों से इस संबंध में 24 घंटे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि बड़ी लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत इस तरह की प्रक्रिया के कानूनी और नैतिक परिणामों की जांच करने के लिए राज्य चुनाव आयोग की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मुद्दे के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा राज्य के सभी डिप्टी कमिश्नर-सह-जिला चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने जिलों में ऐसी किसी भी विशेष घटना, चाहे रिपोर्ट की गई हो या प्रक्रिया में हो, की पूरी बारीकी से निगरानी करें और 24 घंटों के भीतर अपनी टिप्पणियों सहित विस्तृत रिपोर्ट आयोग को पेश करें। ये नीलामी पंजाब के गुरदासपुर के गांव हरदोवाल कलां में सरपंच पद की हुई है। हरदोवाल कलां जिले के सबसे बड़े गांवों में से एक है। यहां सरपंच पद के लिए आयोजित नीलामी की बोली 50 लाख रुपए से शुरू हुई जिसमें स्थानीय बीजेपी नेता आत्मा सिंह ने 2 करोड़ रुपए की ऊंची बोली लगाई। बोली की प्रक्रिया के बाद चेक से भुगतान करने वाले स्थानीय भाजपा नेता आत्मा सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने एक ऐसे सरपंच को चुनने का निर्णय लिया है जो गांव के लिए अधिकतम धनराशि देगा। उन्होंने कहा कि नीलामी की राशि गांव के विकास पर खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की एक समिति कोष आवंटन पर फैसला करेगी। आत्मा सिंह के पिता भी गांव के सरपंच रह चुके हैं। पंजाब में 15 अक्टूबर को पंचायत के चुनाव होंगे। वहीं, इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी का एक प्रतिनि?धिमंडल वित्त मंत्री हरपाल चीमा के नेतृत्व में राज्य चुनाव आयोग पहुंचा और चुनाव आयुक्त से अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। चीमा ने उन रिपोर्टों पर चिंता जताई जिनमें संकेत दिया गया है कि कुछ व्यक्ति सरपंच और पंच पदों के लिए नीलामी में शामिल होकर चुनाव प्रक्रिया में हेरफेर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अनैतिक प्रथा न केवल हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की पवित्रता को धूमिल करती है बल्कि सार्वजनिक प्रतिनिधित्व के सार को भी खतरे में डालती है। आप प्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग से ऐसी किसी भी अनियमितता के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया और तुरंत जांच की मांग की। वहीं, कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी सरपंच पद की नीलामी की निंदा की है और इसका आयोजन करने वालों के लिए जेल की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह खुला भ्रष्टाचार है।

## नोएडा डिपो से 50 एसी लग्जरी बसें चलाने की तैयारी, 11 शहरों के लिए रूट प्लान फाइनल

**नोएडा एजेंसी।** यूपी रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। नोएडा के मोरना स्थित रोडवेज बस डिपो से 50 एसी वॉल्वो बसें चलेंगी। यह सभी बसें लग्जरी होंगी। इसके अलावा 12 स्लीपर बसें भी चलेंगी। इनमें छह एसी और बॉकी साधारण स्लीपर बस होंगी। अगले साल मार्च से पहले बसें चलाने की तैयारी है। इन बसों के लिए रूट चार्ट बनाकर मुख्यालय भेज दिया गया है।

यात्रियों को नोएडा डिपो से अभी साधारण बसों की सुविधा ही मिलती है। करीब सात साल पहले डिपो से दो जनरथ एसी बसों की सुविधा थी। इनमें एक बस प्रयागराज और दूसरी लखनऊ के लिए चलती थी, लेकिन निजी ऑपरेटरों ने घाटे का हवाला देते हुए करार पत्र खत्म कर लिया।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले नोएडा डिपो से 50 एसी वॉल्वो बसों के लिए मुख्यालय से रूट मांगे गए थे। रूट बनाकर भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि वॉल्वो बसों के अलावा स्लीपर बसें भी चलाई जाएंगी। इनमें छह एसी स्लीपर बसें और बाकी नॉन एसी स्लीपर बसें होंगी। मुख्यालय स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

बस मिलने के बाद किराये का निर्धारण होगा = अधिकारियों के अनुसार रूट चार्ट बना दिया गया है, लेकिन किराये का निर्धारण अभी नहीं किया गया। बसें मिलने के बाद किराये का निर्धारण किया जाएगा। डिपो में वॉल्वो बसों की सर्विस के लिए कार्यशाला का विस्तार किया जा रहा है।

यात्री मिलने तक देर रात सेवा मिलेगी = मोरना डिपो से साधारण बस सेवा रात 10 बजे तक है। अधिकारियों के अनुसार किसी रूट पर यदि देर रात में 10 या इससे अधिक यात्री डिपो में पहुंचेंगे तो उन्हें बस मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार वॉल्वो बसें हरिद्वार, ऋषिकेश, बरेली, देहरादून, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ के लिए चलाई जाएंगी।

## मीट-मुर्गे की दुकानें और मांसाहारी होटल तुरंत बंद कराएं; नवरात्र से पहले भाजपा विधायक की चेतावनी



**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने नवरात्र में मीट-मुर्गे की दुकानों और मांसाहारी होटल और ढाबों को बंद कराने के लिए मोर्चा खोल दिया है। भाजपा विधायक ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी लोनी को पत्र लिखकर सभी मीट की दुकानों और मांसाहारी होटलों को तत्काल बंद करने को कहा है।

विधायक ने कहा कि नवरात्रों के दृष्टिगत कई कॉलोनियों के निरीक्षण के दौरान एवं कई स्थानों पर मीट की दुकान और मांसाहारी होटल खुले होने की सूचना प्राप्त हुई है, जो बर्दाश्त के बाहर है। उन्होंने कहा है कि नवरात्र में चारों तरफ और लोनी में मंदिरों-घरों में पूजा-पाठ, जागरण, रामलीला आदि धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जाता है। ऐसे में लोनी क्षेत्र में मीट की दुकानों का खुला पाया जाना चिंताजनक है।

मंदिर एवं धार्मिक अनुष्ठानों में अवागमन के रास्ते में मांस की दुकानों का खुला होना धार्मिक सौहार्द की दृष्टि से भी गलत है। विधायक ने पुलिस और प्रशासन को वीडियो जारी कर चेतावनी दी है कि वह स्वयं निरीक्षण करेंगे यदि कोई मीट की दुकान खुली मिलती है तो उसे तुरंत बंद कराया जाएगा। कोई अधिकारी ऐसी दुकानों को संरक्षण देता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

बता दें कि, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्व-त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को हर पल सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले विगत वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी-बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ महापर्व तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षकों से संवाद करते हुए त्योहार में जिला स्तर पर बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। योगी ने कहा कि त्योहारों के मौके पर पुलिस और प्रशासन को 24 घंटे सतर्क रहना चाहिए।

## क्या है हरियाणा में भाजपा का जीटी रोड वाला तिलिस्म, जिसे तोड़ने में खुद जुटे राहुल गांधी



**चंडीगढ़, एजेंसी।**
भाजपा पहली बार 2014 में हरियाणा की सत्ता में अपने दम पर आई थी। इससे पहले वह सरकार का हिस्सा रही थी, लेकिन अपने दम पर या खुद बड़ी पार्टी के तौर पर सरकार बनाने में 2014 में ही सफल रही। इसके बाद 2019 में भी वह सबसे बड़ी पार्टी बनी और जेजेपी के साथ मिलकर सरकार का गठन किया। इस सरकार ने भी 5 साल पूरे कर लिए हैं और अब 10 साल बाद भाजपा ऐंटी-इनकम्बैंसी फैक्टर झेल रही है। 2014 के बाद यह चुनाव उसके लिए सबसे कठिन माना जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी जीटी रोड से लगते इलाकों में उसे मजबूत माना जा रहा है।

यही वजह है कि कांग्रेस की ओर से खुद राहुल गांधी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने सोनीपत से लेकर अंबाला तक पड़ने वाले इस जीटी रोड बेल्ट पर फोकस किया है और यहां यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस की विजय संकल्प यात्रा की शुरुआत उन्होंने यहीं से की और सीएम नायब सिंह सैनी के गढ़ नारायणगढ़ से यात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा कुरुक्षेत्र में समाप्त हुई और इस बीच 10 विधानसभा सीटों को कवर किया गया। इस क्षेत्र में कुल 23 सीटें आती हैं और चर्चा है कि 3 अक्टूबर को फिर से इसी इलाके में राहुल गांधी यात्रा पर निकल सकते हैं।

हरियाणा के इस जीटी रोड बेल्ट में सोनीपत में कांग्रेस मजबूत मानी जा रही है क्योंकि यहां जाटों की अच्छी खासी संख्या है। वहीं इसके बाद पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला में भाजपा को मजबूत माना जाता रहा है। इसकी वजह यह है कि यहां जाटों की संख्या सेंट्रल हरियाणा के मुकाबले कम है। यह बेल्ट ब्राह्मण, बनिया, पंजाबी, सैनी एवं अन्य ओबीसी जातियों के बाहुल्य वाली है। इन समुदायों में भाजपा की पकड़ मानी जाती है। भाजपा ने 2014 में इस इलाके की 23 में से 21 सीटें जीत ली थी। इसके बाद 2019 में भी वह 12 जीती तो कांग्रेस 9 पर ही रह गई थी।

**अहीरवाल बेल्ट से भी है भाजपा को बड़ी उम्मीदः** जीटी रोड बेल्ट की तरह ही भाजपा को अहीरवाल क्षेत्र से भी उम्मीद है। यह क्षेत्र गुरुग्राम, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और भिवानी वाला है। यहां यादवों की संख्या अच्छी खासी है तो ब्राह्मणों की भी सही तादाद है। कांग्रेस में जाटों का रुझान बढ़ रहा है तो ध्रुवीकरण की स्थिति में अन्य जातियां इस बेल्ट की भाजपा के साथ जा सकती है। इसके लिए पार्टी के स्तर पर रणनीति भी बन रही है। इस बेल्ट में कुल 12 सीटें आती हैं।

## दुनिया तबाही के बुहत करीब, इजराइल और ईरान जंग को लेकर बाइडन पर बरसे डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर बाइडन और कमला हैरिस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस जंग की तुलना स्कूल के मैदान में लड़ रहे दो बच्चों से की। उन्होंने कहा कि मंगलवार को इजराइल पर ईरान के रॉकेट अटैक जैसी घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए थीं और अमेरिका को भी सही भूमिका निभानी चाहिए थी। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि यह वास्तव में बुरा है, लेकिन अब ये तकरार खत्म होनी चाहिए। ट्रंप ने कहा कि इसे स्कूल के मैदान में लड़ रहे दो बच्चों की तरह समझना होगा, जिन्हें कभी-कभी आपको थोड़ी देर अलग छोड़ देना होता है। ट्रंप ने कहा कि यह एक भयानक युद्ध है। उन्होंने कहा कि ये कहीं आसानी से रुकने वाला नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को अब मध्य पूर्व में ध्यान बढ़ाना होगा।



ईरान ने मंगलवार को हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह की हत्या के जवाब में इजरायल पर लगभग 200 मिसाइलें दागीं। अधिकांश मिसाइलों को इजरायल ने अमेरिकी सेना और अन्य एजेंसियों की सहायता से रोककर नष्ट कर दिया। हमले के तुरंत बाद, ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कमला हैरिस की आलोचना की और स्थिति को वैश्विक तबाही के बहुत करीब बताया। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि मैं लंबे समय से तीसरे विश्व युद्ध के बारे में बात कर रहा हूं और मैं भविष्यवाणियां नहीं करना चाहता क्योंकि भविष्यवाणियां हमेशा सच होती हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया तबाही के बहुत करीब । ट्रंप ने यह भी दावा किया कि जब वह अमेरिकी राष्ट्रपति थे, तो मध्य पूर्व में कोई युद्ध नहीं था और ईरान पूरी तरह से नियंत्रण में था। अब ट्रंप ने ये भी कहा कि अगर वो राष्ट्रपति होते तो ईरान काबू में रहता।

## ईरान ने बहुत बड़ी गलती कर दी, इसकी कीमत चुकानी होगीः नेतन्याहू

**येरूशलम, एजेंसी।** ईरान के मिसाइल हमले के तुरंत बाद यरुशलम में सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि तेहरान ने आज रात 'बड़ी गलती' की है और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मंगलवार रात को इजरायल पर किया गया ईरान का मिसाइल हमला 'नाकाम' रहा। पीएम नेतन्याहू ने कहा, इजरायल की एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत ईरान के हमले को विफल कर दिया गया, जो दुनिया में सबसे एडवांस है। उन्होंने अमेरिका को भी इसके लिए धन्यवाद दिया। नेतन्याहू ने यह भी याद दिलाया कि वह अपने स्थापित नियम - जो कोई हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे - पर कायम रहेंगे।

नेतन्याहू ने कहा, ईरान के शासक हमारी खुद की रक्षा करने की दृढ़ता और अपने दुश्मनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की हमारी ताकत को नहीं समझता है। हमास नेता याह्या सिनवार और हमास के शीर्ष सैन्य कमांडर मोहम्मद डेफ इसे नहीं समझते हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा, लेकिन वे समझ जाएंगे कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा - हम उस पर हमला करेंगे। नेतन्याहू ने दुनिया के बाकी देशों से तेहरान के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा, बाकी देशों को उन्हें इजराइल के साथ खड़ा होना चाहिए। नेतन्याहू ने गाजा, वेस्ट बैंक, लेबनान, यमन, सीरिया और ईरान को दा एक्सिस ऑफ ईविल का जिक्र करते हुए उन्होंने आगे कहा, इजराइल आगे बढ़ रहा है और एक्सिस ऑफ ईविल हट रहे हैं। हम इस चीज को जारी रखने के लिए, युद्ध के सभी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए, हमारे सभी बंधकों की वापसी और हमारे अस्तित्व और हमारे भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन कोशिश करेंगे। बाइडेन ने ईरान के मिसाइल हमले को नाकाम करने के लिए अमेरिका तथा इजराइल की सेनाओं की भी प्रशंसा की। बाइडन ने व्हाइट हाउस के अधिकारियों के साथ एक बैठक की शुरुआत में मंगलवार को कहा, ''भूल में न रहें, अमेरिका पूरी, पूरी तरह इजराइल के साथ है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने इजराइल में अपने समकक्ष योव गैलेंट के साथ बातचीत की।



# अमेरिकी चुनाव से पहले जेडी वेंस और वॉल्ज आखिरी बार आमने-सामने

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में राष्ट्रपति का अगले महीने चुनाव होना है। इस बार मुकाबला पूर्व राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप और मौजूदा उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच है। दोनों के बीच पिछले महीने प्रेसिडेंशियल डिबेट हो चुकी है। जिसमें कमला हैरिस ने बढ़त बनाई थी। अब रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टियों के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 1 अक्टूबर को वाइस प्रेसिडेंशियल डिबेट हुई।

डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच 10 सितंबर को हुई दिलचस्प डिबेट के बाद आज रात को जेडी वेंस और टिम वाल्ज ने डिबेट को दौरान जमकर एक दूसरे पर हमला बोला। यह डिबेट सीबीएस न्यूज की ओर से कराई थी। भारतीय





समयानुसार सुबह 6.30 बजे शुरू हुई इस 90 मिनट की डिबेट में टिम और जेडी ने मिडिल ईस्ट में बढ़े तनाव से लेकर अमेरिकी अर्थव्यवस्था, माइग्रेशन और गर्भपात, जलवायु परिवर्तन पर एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। मिनेसोटा से गवर्नर और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वॉल्ज और ओहायो से सीनेटर रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जेडी वेंस डिबेट से पहले एक दूसरे साथ गर्मजोशी से मिले। अगले महीने होने वाली चुनावों से पहले इसे दोनों पार्टियों को ओर से आखिरी चुनावी डिबेट माना जा रहा है। इससे पहले ट्रंप ने उपराष्ट्रपति हैरिस के साथ दूसरी बहस से इनकार कर दिया था। इस डिबेट के दौरान डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार टिम वॉल्ज ने मौजूदा सरकार की मिडिल क्लास को लेकर पेश की गई योजनाओं का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि, पार्टी सुनिश्चित करेगी कि मिडिल क्लास के कंधों से टैक्स का बोझ कम हो। वहीं रिपब्लिकन जेडी वेंस लगातार देश पर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को लेकर बाइडन सरकार पर निशाना साधते दिखे।

डिबेट का पहला सवाल इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले के बारे में था। इस पर वॉल्ज ने तुरंत ट्रंप की विदेश नीति पर निशाना साधा, इसके अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति ट्रंप का झुकाव और 2015 के ईरान परमाणु निरस्त्रीकरण समझौते से संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर निकलने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की।

डिबेट के दौरान गर्भपात से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के टिम वॉल्ज ने डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। उन्होंने कहा की ट्रंप गर्भपात पर बैन के हिमायती हैं।

## हमास नेता का बेटा इजरायल के साथ, बोला- गाजा व हिजबुल्लाह खिलाफ एक्शन पूरी तरह जायज

**तेल अवीव।** हमास के को-फाउंडर शेख हसन यूसुफ के बेटे मोसाब हसन यूसुफ ने इजरायल कोलेकर चौंकाने वाला बयान सामने आया है। मोसाब ने कहा कि इजराइल द्वारा हमास और हिजबुल्लाह पर की जा रही सैन्य कार्रवाई को पूरी तरह से जायज है। मोसाब, जो एक समय पर फिलिस्तीनी मिलिटेंट थे, ने इजरायल की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षा के लिए यह कदम उठाने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि मुसलमान 1400 साल से यहूदियों का सफाया करने की कोशिश कर रहे हैं और अब इजरायल का आत्मरक्षा में कदम उठाना और मुसलमानों को सबक सिखाना पूरी तरह जायज है ।मोसाब ने हाल ही में एक टीवी डिबेट में कहा, फिलिस्तीन में इजरायल सबसे वैध जातीय समूह है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129